Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -59 गुरूवार ,29 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

अंगों पर नियंत्रण
मन पर नियंत्रण रखने से होता है।
अंगों की जो उचित क्रिया है उसे होने
दो,पर नियंत्रण रखो।
- पातंजलि-

# पीएम मोदी माँ हीरा बा के इलाज से संतुष्ट

## पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अस्पताल से हुए रवाना



**अहमदाबाद ,28 दिसंबर 2022 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में चल रहे मां हीरा बा के इलाज से संतुष्ट दिखाई दिए। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री मोदी को सभी कॉम्पलीकेशंस के बारे में बताया। एमआरआई सही आई है। कफ की प्रॉब्लम है जिसका इलाज जारी है। पूरी तरह से संतुष्ट होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अस्पताल से रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी माँ की तबियत पूछने के लिए बुधवार दोपहर बाद यूएन अस्पताल आए थे। वे तीन घंटे से अधिक समय तक अस्पताल में रहे। मां से मिले, रिश्तेदारों से बातचीत की। इसके बाद वे इलाज कर रहे डॉक्टरों से लंबी बातचीत की।

आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की बुधवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ थी। उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता कॉर्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था । अब उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। पूरा परिवार अस्पताल में मौजूद हैं।

इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी प्रधानमंत्री की मां के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट करते हुए लिखा कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। उन्होंने कहा मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं, आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी लिखा कि प्रधानमंत्री जी की पूज्य माता जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ है। हम सब उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। अस्पताल के मेडिकल बुलेटिन में बताया कि उन्हें कफ की प्रॉब्लम के साथ ब्लड प्रेशर भी सही नहीं था। उनकी एमआरआई की गई है। अब तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है। पीएम मोदी की माता की उम्र 100 साल हैं। पिछले गुजरात चुनावों में वे खुद वोट डालने गईं थीं। अस्पताल के मेडिकल बुलेटिन में उनकी सेहत में सुधार की बात कही गई है। अन्य जांचें की जा रही है। परिवार के लोग उनकी सेवा में अस्पताल में ही मौजूद हैं। आपको बता दें कि पीएम मोदी गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान अपनी मां से मिलने गए थे। उन्हें अपनी मां से विशेष लगाव है। वे जब भी गुजरात जाते हैं, मां से मिलने और आशीर्वाद लेने जरूर जाते हैं।

# चंद्रबाबू नायडू के रोड शो में बड़ा हादसा



### 7 लोगों की मौत,कई घायल

**नई दिल्ली ,28 दिसंबर 2022(ए)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू के रोड शो में बड़ा हादसा हो गया. जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं. दरअसल, बुधवार शाम में चंद्रबाबू नायडू की कंदुकुर में एक रोड शो कर रहे थे. जब उनका काफिला गुडम सीवेज नहर को पार कर रहा था तभी कई कार्यकर्ता नहर में गिर गए. जिससे तीन लोगों की मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई और दो अन्य की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# देश की सभी दवा फैक्टरियों की जांच शुरू



**नई दिल्ली ,28 दिसंबर 2022(ए)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दवा की गुणवत्ता परखने के लिए दवा उत्पादक कंपनियों की सघन जांच शुरू कर दी है। अफ्रीकी देश गांबिया में कफ सिरप से मौतों के बाद और सतर्क हुई केंद्र सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर देश की दवा फैक्टरियों का निरीक्षण करने का फैसला लिया है । सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की फैक्टरियों पर टीमों की नजर अधिक है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिए थे निर्देश

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हाल ही में एक बैठक के दौरान नकली व खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के उत्पादन पर रोक लगाने और जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलने के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन के साथ मिलकर चिह्नित दवा निर्माण इकाइयों का संयुक्त निरीक्षण करना शुरू कर दिया है।

### कफ सीरप से हुई थीं 70 लोगों की मौत

विशेषज्ञों का कहना है कि गांबिया घटना के बाद बेहतर गुणवत्ता वाली दवाओं पर जोर देना बहुत जरूरी हो गया है, क्योंकि भारत को दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है। दरअसल, गांबिया में कफ सीरप की वजह से 70 लोगों की मौत हुई थी। कफ सीरप निर्माता कंपनी मेडेन फार्मास्युटिकल पर सवाल खड़े हुए। हालांकि, सरकार ने उच्च स्तरीय जांच के बाद मेडेन कंपनी को क्लीनचिट दे दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का फार्मास्यूटिकल्स निर्यात पिछले एक दशक में दोगुने से अधिक पहुंचा है। ऐसे में जरूरी है कि भारतीय कंपनियों पर बेहतर दवाओं के उत्पादन को लेकर नजर रखी जाए।

### कार्रवाई के लिए समिति

अधिकारी के मुताबिक, मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार पूरे देश में संयुक्त निरीक्षण किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, निरीक्षण, रिपोर्टिंग और बाद की कार्रवाई को लेकर सीडीएससीओ में दो संयुक्त औषधि नियंत्रकों की एक समिति भी गठित की है, ताकि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम 1940 और उसके नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जा सके। वहीं, मंत्रालय ने गैर-मानक, मिलावटी या नकली दवाएं बनाने वाली किसी कंपनी का नाम नहीं लिया है।

# हैकर्स ने चुराई 3 करोड़ पैसेंजर्स की निजी जानकारी

**नई दिल्ली ,28 दिसंबर 2022(ए)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पर डेटा चोरी होने के प्रयास के बाद अब भारतीय रेलवे में संभावित डेटा चोरी होने रिपोर्ट सामने आई है।



हालांकि, भारतीय रेलवे या किसी भी सरकारी अधिकारी ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हैकर्स ने रेलवे टिकट बुक कराने वाले 3 करोड़ लोगों का डेटा चुरा लिया है। बताया जा रहा है कि इसमें व्यक्तिगत जानकारी शामिल है जिसमें ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, पता और उम्र शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार साइबर हैकर ने ना केवल यात्रियों के डेटा चुराया, बल्कि रेलवे की वेबसाइट में भी छेड़छाड़ का भी दावा किया है।एक रिपोर्ट के अनुसार, एक हैकर फोरम ने 27 दिसंबर को इस घटना को अंजाम दिया था। हैकर फोरम की असली पहचान सामने नहीं आई है लेकिन इसे 'शैडो हैकर' के नाम से जाना जाता है। आरोप है कि वह हैकर फोरम 3 करोड़ पैसेंजर्स के इस डाटा को डार्क वेब पर बेच रहा है। अब इस डेटा को डार्कवेब के जरिए बेचा जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## सीबीआई ने ओमन चांडी को दी क्लीन चिट



**तिरुवनंतपुरम,28 दिसंबर 2022(ए)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल कर केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को यौन उत्पीड़न के एक मामले में क्लीन चिट दे दी है। उन पर सौर ऊर्जा घोटाले की मुख्य आरोपी ने यह आरोप लगाया था। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने अदालत में रिपोर्ट दाखिल की।

## लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर की हत्या



**हावड़ा (पश्चिम बंगाल),28 दिसंबर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार को तड़के राजमार्ग पर लुटेरों ने झारखंड की अभिनेत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार रिया कुमारी अपने पति प्रकाश कुमार, जो खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताते हैं, अपनी 2 साल की बेटी के साथ कार से राष्ट्रीय राजमार्ग-16 से होकर रांची से कोलकाता जा रही थीं। पुलिस ने बताया कि प्रकाश कुमार बागनान थाना क्षेत्र में महिषरेखा के पास शौच के लिए रुके। जल्द ही, तीन लोगों के एक गिरोह ने उन पर हमला कर दिया और उनका सामान लूटने लगे। जब रिया ने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो लुटेरों ने उसे गोली मार दी और वहां से फरार हो गए।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 4 आतंकवादी ढेर



**जम्मू,28 दिसंबर 2022(ए)।** जम्मू के सिधरा इलाके में बुधवार को सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादी मारे गए. पुलिस के एक अधिकारी ने इसे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी सफलता बताया. जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि जम्मू-श्रीनगर राष्टीय राजमार्ग के निकट सिधरा बाईपास इलाके में तवी पुल के पास घने कोहरे के बीच सुबह करीब साढ़े सात बजे मुठभेड़ शुरू हुई.सेना के टाइगर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल गौरव गौतम के साथ मौजूद सिंह ने मुठभेड़ स्थल पर बताया कि ट्रक से चार आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं. उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से सात एके राइफल, एक एम4 राइफल, तीन पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है.

# धर्मांतरण मामले में 13 आरोपी गिरफ्तार किए गए

**लखनऊ ,28 दिसंबर 2022(ए)।** धर्मांतरण का अवैध धंधा इन दिनों काफी फल फूल रहा है। देश के कई राज्यों से इस तरह के मामले प्रतिदिन आने लगे है और इस धंधे में लगे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। धर्मांतरण में कथित संलिप्तता के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के विभिन्न स्थानों से 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।




तालगांव में, एक पादरी और उसके पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि रामपुर मथुरा में, एक पादरी सहित तीन को पुलिस टीम और गिरफ्तारी का विरोध करने वाली महिलाओं के एक समूह के बीच आमने-सामने होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। मिश्रिख में इसी तरह के आरोप में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, पुलिस ने तंबौर में भी दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन औपचारिक रूप से मंगलवार शाम तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया था। तीन थानों में गिरफ्तार लोगों में मुकेश, हंसराज, सोनू, शिव कुमार, राम भाटी, प्यारेराम, बौद्धसागर, सीमा, राम कुमार, जितेंद्र कुमार, रमेश बाबू, दीपू गौर और गुड्डू शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि, उत्तर प्रदेश निषेध के तहत गैरकानूनी धर्म परिवर्तन धर्म अधिनियम, 2021 के तहत उन पर दंगा, हमला या आपराधिक बल का आरोप लगाया गया है, ताकि लोक सेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोका जा सके। यह गिरफ्तारी लगभग एक सप्ताह पहले सीतापुर जिले से ही एक पादरी सहित दस व्यक्तियों की गिरफ्तारी की अगली कड़ी है।

सीतापुर के एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, उन्हें ग्रामीणों से शिकायत मिली थी कि तालगांव, मिश्रिख, रामपुर, मथुरा में पुरुषों का एक समूह उन्हें नौकरी, पैसे और यहां तक कि शादी के लिए प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का लालच दे रहा है।

# लड़की को देवदासी प्रथा में धकेला

### माता-पिता व परिजन गिरफ्तार

**कोप्पल ,28 दिसंबर 2022(ए)।** कर्नाटक पुलिस ने एक लड़की को देवदासी प्रथा में धकेलने के मामले में उसके माता-पिता, बहन और उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बता दें, देवदासी प्रथा के तहत कुंवारी लड़कियों को ईश्वर के साथ उन्हें मंदिरों को दान कर दिया जाता था। यह अब कानूनी रुप से अवैध है।

पुलिस के मुताबिक, घटना कोप्पल के पास हुलीगी में हुलीगम्मा मंदिर की है, जहां आरोपियों ने अपनी बेटी को भगवान की सेवा में समर्पित करने की देवदासी प्रथा निभाई।



मामला मई का बताया जा रहा है, लेकिन घटना अब सामने आई है, जिसके बाद आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज की गई थी।

इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने वाली मुनीराबाद थाना पुलिस ने आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। देवदासी पुनर्वास परियोजना अधिकारी पूर्णिमा की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई की गई।

देवदासी को पहले एक महिला कलाकार के रूप में जाना जाता था, जो भगवान और कला की सेवा के लिए समर्पित थी। लेकिन यह महिलाओं के शोषण का एक उपकरण बन गई और समाज ने उन्हें वेश्याओं के रूप में इस्तेमाल किया।


कर्नाटक में, देवदासी प्रथा 10 सदियों से प्रचलित थी। देवदासी प्रथा के खिलाफ आंदोलन देश में 1882 की शुरूआत में शुरू हुआ था। देवदासी प्रथा को गैरकानूनी घोषित करने की पहली कानूनी पहल 1934 के बॉम्बे देवदासी संरक्षण अधिनियम और 1947 में मद्रास देवदासी (समर्पण की रोकथाम) अधिनियम से हुई थी। देवदासी प्रथा को औपचारिक रूप से 1988 में पूरे भारत में गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। जागरूकता कार्यक्रमों और समर्पित परियोजनाओं के बावजूद रस्मों-रिवाज की आड़ में देवदासी प्रथा अभी भी कर्नाटक के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में मौजूद है।

## अनिल देशमुख साल भर बाद जेल से बाहर आए



**मुंबई ,28 दिसंबर 2022(ए)।** महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देखमुख एक साल बाद मुंबई के ऑर्थर रोड जेल से रिहा हो गए हैं। समर्थकों ने जेल के बाहर उनका स्वागत किया।

# बूस्टर डोज वालों को नहीं दी जाएगी नेजल वैक्सीन




**नई दिल्ली ,28 दिसंबर 2022(ए)।** भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन को पिछले हफ्ते भारत के कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया गया है। प्राइवेट अस्पतालों को भारत बायोटेक की एक खुराक 800 रुपये की मिलेगी, इसके अलावा इस पर 5 प्रतिशत जीएसटी भी लगेगा। वहीं, सरकारी सेंटर्स पर वैक्सीन की कीमत 325 रुपये तय की गई है। हालांकि फिलहाल यह वैक्सीन सिर्फ प्राइवेट सेंटर्स पर ही मिलेगी। इन सबके बीच देश के वैक्सीन टास्क फोर्स के प्रमुख ने आज बताया कि यह नेजल वैक्सीन उन लोगों को नहीं लगायी जा सकती जिन्होंने बूस्टर डोज ली है।

### बूस्टर डोज के रूप में लगाई जाएगी नेजल वैक्सीन

देश के वैक्सीन टास्क फोर्स के प्रमुख डॉ एन के अरोड़ा ने बताया कि यह इंट्रानेजल वैक्सीन पहले बूस्टर डोज के रूप में लगाई जाएगी। उदाहरण के लिए, अगर किसी व्यक्ति को पहले से ही बूस्टर डोज मिल चुकी है तो उसे नेजल वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। यह उन लोगों के लिए है जिन्होंने अभी तक प्रीकॉशनरी डोज नहीं ली है।

# बढ़ी मुख्यमंत्री शिवराज की मुश्किलें

**भोपाल ,28 दिसंबर 2022(ए)।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती बीते लगभग एक साल से शराबबंदी को लेकर शिवराज सरकार को घेरती आ रही हैं। जिसके कारण उमा भारती व भाजपा के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। यही कारण है कि उनकी तल्खी लगातार बढ़ती जा रही है। अब तो उन्होंने समाज के लोगों तक से यह कह दिया है कि वह अपने हितों का ध्यान रखकर चुनाव में मतदान करें। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को इन दिनों भाजपा में वह महत्व हासिल नहीं है जिसकी वे अपेक्षा करती हैं। लिहाजा उनके और पार्टी के बीच दूरी भी बढ़ रही है। उमा भारती मध्य प्रदेश की सियासत में सक्रिय होना चाहती हैं मगर उनके विरोधी गुट से नाता रखने वाले भाजपा के नेता उनकी राह में रोड़े अटकाने में लगे हुए हैं। यही कारण है कि वे गाहे-बगाहे शराबबंदी को लेकर शिवराज सिंह चौहान की मुश्किलें बढ़ाने में पीछे नहीं रहती।भारतीय राजनीति में कल्याण सिंह के बाद उमा भारती लोधी समाज की बड़ी नेता हैं और उन्हें पार्टी में इस आधार पर अहमियत भी खूब मिली, मगर अब ऐसा नहीं है।




यही कारण है कि उमा भारती ने लोधी समाज के सम्मेलन में साफ तौर पर कह दिया कि अब वे समाज के लोगों से यह नहीं कहेंगी कि भाजपा के पक्ष में मतदान करें। मतदान से पहले वे अपने हितों का जरूर ख्याल रखें।

उमा भारती का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनके करीबी रिश्तेदार प्रीतम सिंह लोधी को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया तो वहीं उनके भतीजे विधायक राहुल लोधी की विधायकी पर संकट आया हुआ है। यह बात अलग है कि राहुल लोधी को फिलहाल न्यायालय से स्थगन मिल गया है। उन्होंने कई बार आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया तो वहीं कई शराब दुकानों पर पत्थर फेंके और गोबर तक फेंका। अब उन्होंने भाजपा के लिए लोधी समाज के लोगों से वोट देने की अपील तक न करने का ऐलान कर दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उमा भारती की लोधी समाज में गहरी पकड़ है और वे यह जानती हैं कि वर्तमान दौर की राजनीति में जातिवाद हावी है, लिहाजा पार्टी के ऊपर दबाव बनाना है तो उन्हें इस रास्ते को चुनना ही होगा। यही कारण है कि उन्होंने पार्टी को संदेश दे दिया है कि अब वे अपने समाज से भाजपा के लिए वोट नहीं मांगेंगी।



## रसायन से भरे टैंकर में लगी आग

**पालघर,28 दिसंबर 2022(ए)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर बुधवार तड़के रसायन से लदे एक टैंकर में आग लग गई, जिससे इस व्यस्त मार्ग पर कुछ घंटों के लिए यातायात प्रभावित हुआ।

कासा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मेधवन खिंड इलाके में टैंकर में तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लगी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।अधिकारी के मुताबिक, चालक और एक अन्य व्यक्ति ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

अधिकारी के अनुसार, घटना में टैंकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल सका है कि वाहन में कौन-सा रसायन भरा था। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## संपादकीय

### महंगाई का विमर्श

इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है।

मुद्रास्फीति दर में गिरावट से यह धारणा बनने या बनाई जाने लगती है कि अब महंगाई घटने लगी है। जबकि असल इसका मतलब सिर्फ यह होता है कि महंगाई बढ़ने की दर में गिरावट आई है। यानी अगर ये दर बीते महीने की तुलना में आठ से घट कर सात प्रतिशत पर आ जाए, तो उसका अर्थ यह होगा कि जहां बीते महीने में चीजों के दाम आठ प्रतिशत बढ़े थे, वहीं संबंधित महीने में यह वृद्धि सात प्रतिशत की हुई। यानी महंगाई तो फिर बढ़ी। इसलिए हाल में भारत में आए आंकड़े किसी रूप में संतोष का कारण नहीं हो सकते। फिर यह देखने की बात भी है कि महंगाई दर में गिरावट (अगर यह टिकाऊ साबित होती है तो) किस कीमत पर आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने दुनिया के अन्य सेंट्रल बैंकों की तरह मुद्रास्फीति नियंत्रित करने के लिए ब्याज दर बढ़ने का तरीका अपनाया है। इसका एक परिणाम आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट के रूप में आना तय है। अब देखने की बात यह होगी कि क्या आर्थिक वृद्धि दर महंगाई दर से भी नीचे आ जाती है। अगर ऐसा हुआ, तो उस स्थिति स्टैगफ्लेशन कहा जाता है।

यह संकट का सूचक होता है। आज स्टैगफ्लेशन का खतरा लगभग दुनिया के तमाम देशों में है। अब तक अनुभव यह है कि ब्याज दरें बढ़ाने से महंगाई उस अनुपात में नहीं घटी है, जिसकी उम्मीद की गई थी। इसका एक कारण यह है कि इस बार की महंगाई असल में बाजार में नकदी की अधिकता की वजह से नहीं रही है। बल्कि सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित होने का भी यह परिणाम है। इसलिए ब्याज दरें घटाने का भी ज्यादा असर नहीं हुआ है। उलटे इस नीति की वजह से मध्य वर्ग पर कर्ज चुकाने का बोझ बढ़ा है, जिससे उपभोग घटने के साफ संकेत हैं। उसका असर औद्योगिक विकास दर पर पड़ा है। स्टैगफ्लेशन की स्थिति को निर्मित करने में इस पहलू का भी योगदान है। यह दीगर बात है कि भारत सरकार की समस्या को स्वीकार करने को तैयार नहीं दिख रही है।

## स्वागत है नववर्ष



**जीवन चन्द्राकर लाल**
दुर्ग छत्तीसगढ़

हृदय से स्वागत है नववर्ष,
ले आना संसार के खातिर,
प्रेम,शांति और हर्ष।
स्वागत है नव वर्ष।
हृदय से......
मानव, मानव का,करे भलाई,
दीन-हीन पर न करे चढ़ाई
रामराज्य सा जन जीवन हो,
न हो कहीं संघर्ष।
स्वागत है......
पर्यावरण हो साफ हमारा,
स्वस्थ रहे सबका गुजारा,
प्रदूषण से मुक्त रहे,
जल फर्श और अर्श।
स्वागत है.....
न कहीं पर अंधकार हो,
रोशन सबका घर द्वार हो।
सूर्य चांद तारे बन चमके,
मानव का उत्कर्ष।
स्वागत है नववर्ष

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नववर्ष मंगलम



**कमलेश झा**
भागलपुर बिहार

स्वागत नव वर्ष मेंआपका हर दिन मंगलमय हो
वर्ष के पूरे 365 दिन ही शुभ और मंगलमय हो
विदा करें विगत वर्ष को जिसमें मिले कुछ कटु मृदु अनुभव
कुछ खट्टी कुछ मीठी यादें बीते साल के कुछ नए अनुभव ।।
जीवन माला से बेशक कम हो गए एक और मोती
मन में संतोष हुआ बेशक निकला एक सुखद मोती ।।
जीवन के इस दौर में बढ़ा एक साल का नया अनुभव
जीवन जीने की कला में जोड़ा एक साल का बड़ा अनुभव ।।
अपनों संग साथ बिताए साल के कुछ अच्छे दिन
कभी सफलता तो कभी निराशा भरा बिता वह साल के दिन ।।
जब हासिल किया नई ऊंचाई तब हुआ कुछ सुखद एहसास
लेकिन जब हाथ लगी निराशा तो पाया कुछ कटु एहसास ।।
इसी कटु और मृदु तथ्यों पर अब विचार करना है
हम मानव की इसी कमी को अब तो खुद तो भरना है ।।
अब आशा आने वाले समय से कुछ अच्छा हीं होगा
साल के अगले 365 दिन मंगल मंगल हीं होगा
नववर्ष लेकर आया है नवीन और नूतन प्रभात
खग बिहग की चीहुंक करा रही इसका नव एहसास
नव ऊर्जा संग नए जोश संग करना है इसका आगाज
पिछले वर्ष की पिछली गलती को सुधार कर करें कुछ नया आगाज ।।
नमन करें उस सत्पुरुषों को जिसका छूटा समाज से साथ
उनके नेक विचारों से अब गढ़ना एक नया समाज

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# जी-20 और भारत की अध्यक्षता

सन् 2022 में मोदी जी जी-20 के अध्यक्ष हैं । जी-20 विश्व की प्रमुख विकसित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को जोडने वाला एक बहुपक्षीय रणनीतिक मंच है। भविष्य में विश्व के आर्थिक विकास और समृद्धि को सुरक्षित रखने में जी-20 की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। एक साथ मिलकर जी-20 के सदस्य दुनिया की जीडीपी का 80 प्रतिशत से अधिक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 75 प्रतिशत और दुनिया की आबादी के 67 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों का एक समूह एसएआई-20 कार्य समूह शासन से जुड़ी संस्थाओं को मौजूदा समय में सामने आ रही समस्याओं का बेहतर, तेज और विश्वसनीय तरीके से हल निकालने में समर्थ बनाने के साथ ही नागरिकों को उच्च कोटि का जीवन प्रदान करने के लिए सरकारों को सक्षम बनाने की दिशा में काम करता है। इस कार्य समूह की स्थापना से एक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है जहां एसएआई सकारात्मक और जन केंद्रित दृढ़ नीतियों के माध्यम से शासन प्रणाली में साझेदार के रूप में बहु-हितधारक संबंधों के जरिए रणनीतियों को सुस्पष्ट और समन्वित करता है और साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही को भी आगे बढ़ाता है। एक दिसंबर 2022 को भारत के द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ भारत का सीएजी यानी एसएआई इंडिया एसएआई-20 की अध्यक्षता करेगा। एसएआई इंडिया इस संपर्क समूह के महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में स्वतंत्रता, पारदर्शिता, जवाबदेही, सहयोग और निरंतरता की मान्यता के प्रति समर्पित रहेगा। जी-20 में भारत की अध्यक्षता के मार्गदर्शक सिद्धांत यानि वसुधैव कुटुम्बकम, जिसमें पूरे विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के रूप में देखा जाता है, के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक प्राथमिकता वाले दो क्षेत्रों ब्लू इकोनॉमी और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जी-20 एसएआई के सहयोग का प्रस्ताव रख रहे हैं। ब्लू इकोनॉमी एक ऐसी आर्थिक प्रणाली है जिसमें समुद्री और ताजे पानी के पर्यावरण के संरक्षण, उनके सतत उपयोग को बढ़ावा देने, खाद्य और ऊर्जा का उत्पादन करने, आजीविका में मदद



करने और आर्थिक उन्नति और कल्याण में सहायक के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से नीति और परिचालन-संबंधी आयामों की विस्तृत श्रेणी शामिल है। कॉप 26 में भारत के द्वारा प्रस्तुत की गई लाइफ यानि लाइफ स्टाइल ऑफ इन्वायरनमेंट की अवधारणा को ब्लू इकोनॉमी आगे ले जाती है जो कि समुद्री और मीठे पानी को नया जीवन देने और उसे बनाये रखने के लिए विचारहीन और अनावश्यक खपत की जगह सचेत और सुविचारित उपयोग की आवश्यकता पर जोर देती है। प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में, यह यूएन 2030 एजेंडा, विशेष रूप से (लेकिन अनन्य रूप में नहीं), लक्ष्य 14 अर्थात जलीय जीवन की उपलब्धियों पर एसएआई का ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इसका उद्देश्य लेखा परीक्षण नीतियों और कार्यक्रमों पर इस तरह से सहयोग करना है जो ब्लू इकोनॉमी पर प्रभावशाली तरीके और प्रगतिशाली रूप में असर डाले और साथ ही समुदायों, क्षेत्रों के साथ-साथ राष्ट्रों तक फैले मजबूत अंतसंबंधों में और वृद्धि करे। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़ा अधिकांश वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर है, एसएआई को समाज में अधिक समावेशिता और लोगों के प्रति उनकी तत्काल प्रासंगिकता के हित में अधिक प्रभावी ढंग से अपने निरीक्षण का प्रयोग करने के लिए मजबूर करता है । जून 2019 में व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर जी- 20 मंत्रिस्तरीय वक्तव्य के दौरान, और नवंबर 2021 में यूनेस्को द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नैतिकता पर सिफारिशों के अनुसार, यह स्पष्ट करने की दिशा में एक शुरुआत की गई है कि सभी हितधारकों के बीच विश्वास पर ही एक डिजिटल समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। जबकि एआई के एप्लीकेशन हमारे जीवन के अधिक से अधिक क्षेत्रों में शामिल हो रहे हैं, यह एआई के जिम्मेदारी भरे उपयोग को सुनिश्चित करने में ज़ सरकारों के साथ-साथ एसएआई दोनों की समझ, विनियमन और लेखापरीक्षा से जुड़ी जटिल चुनौतियों को सामने रख रहा है। एसएआई के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे एआई सिस्टम के इस्तेमाल से जुड़े मूल प्रश्नों को हल करने के लिए कारगर क्षमताओं को विकसित करें ताकि प्रभावी निरीक्षण के प्रतिनिधि के रूप में खुद को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जा सके और व्यापक नीति निर्माण और कार्यान्वयन में साक्ष्य आधारित समर्थन प्रदान किया जा सके ।

एक सामान्य सिद्धांत जो हमारी दिशा का मार्गदर्शन करेगा, वह एआई सिस्टम के विकास और उपयोग को इस तरह से विनियमित करने की आवश्यकता होगा जो इसके जीवन को बदलने वाले फायदों को पूरी तरह से हासिल करने में सक्षम बनाता है, जबकि उसी समय में जानबूझकर होने वाले दुरुपयोग या यहां तक गलतियों पर नजर रखता है। अत्यधिक प्रासंगिकता वाले प्राथमिकता के क्षेत्रों को आगे बढ़ाते हुए, एसएआई-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एक प्रभावशाली और बेजोड़ जी-20 अध्यक्षता के लिए जी-20 एसएआई के मजबूत, सफल और व्यापक रूप से भागीदारी वाले सहयोग का इरादा रखता है ।

-अजय दीक्षित-

# स्वास्थ्य,और समय ही श्रेष्ठ धन है, स्वस्थ नागरिक मजबूत राष्ट्र का निर्माता

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता हैद्य मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता हैद्य इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता हैद्य मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता हैद्य समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता हैद्य इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैद्य इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेद्य भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैद्य इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैद्य इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगाद्य फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55त्न हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति




की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं;जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज क्हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फ्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ्य अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2/तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# संत सिपाही:गुरु गोविंद सिंह

सिख धर्म में 10 गुरु साहिबान हुए हैं! गुरु नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक थे तथा गुरु गोविंद सिंह जी सिख धर्म के दसवें तथा अंतिम गुरु थे! उनका जन्म 22 दिसंबर, 1666 में पटना मैं हुआ था! उनके पिता गुरु तेग बहादुर तथा माता गुजरी थी! उनका बचपन का नाम गोविंद राय था! अपने पिता, गुरु तेग बहादुर द्वारा दिल्ली में हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना बहुमूल्य बलिदान देने के बाद गोविंद राय 9 साल की उम्र में ही सिख धर्म के 11 नवंबर, 1675 में गुरु बन गए! अभी बालक गोविंद राय छोटे ही थे कि कुछ कश्मीरी पंडित गुरु तेग बहादुर जी के पास आए उन्होंने कहा कि औरंगजेब देश के हिंदुओं के ऊपर बहुत जुलम कर रहा है और तिलक और जनेऊ पहनने वाले लोगों को मौत के घाट उतार रहा है! उनका विचार है कि अगर कोई महापुरुष उनकी रक्षा के लिए बलिदान दे दे तो शायद औरंगजेब हिंदुओं के प्रति अपनी क्रूरता को छोड़ दे! पास बैठे गोविंद राय ने कहा कि पिताजी आप यह बलिदान क्यों नहीं दे देते और गुरु तेग बहादुर इसके लिए राजी हो गए! उन्होंने कश्मीरी पंडितों को कहा कि वे औरंगजेब से जा कर यह गए हैं कि अगर गुरु तेग बहादुर मुसलमान बनने के लिए तैयार हो जाते हैं तो हम भी सारे मुसलमान बन जाएंगे! और गुरु तेग बहादुर दिल्ली की तरफ चल पड़े! दिल्ली के चांदनी चौक में बहुत सारे हिंदू और सिख लोग तथा मुसलमान लोग एकत्रित हो गए! औरंगजेब के फरमान के मुताबिक गुरु तेग बहादुर जी को अपना धर्म बदल कर मुसलमान बनने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने बिल्कुल इनकार कर दिया! इस पर काजी के हुक्म के मुताबिक गुरु तेग बहादुर जी का सिर धड़ से अलग कर दिया गया! गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बाद हिंदुओं के मन में मुगलों के खिलाफ ज्वाला भड़क उठी! गुरु तेग बहादुर जी के शहीद होने के बाद गोविंद राय जी को गुरु तेग बहादुर का उत्तराधिकारी बनाकर सिख धर्म का दसवाँ गुरु घोषित कर दिया गया ! गुरु गोविंद राय के मन में मुगलों के खिलाफ बदला लेने का बार-बार विचार आने लगा! 1699 में वैशाखी वाले दिन उन्होंने सिख्संगत के बीच अलग-अलग जातियों के 5 लोगों को लेकर... पांच प्यारे... की प्रथा शुरू की और खालसा पंथ की नींव रखी! उन्होंने 5 ककार अर्थात 5 क को लेकर खालसा पंथ की स्थापना की! उन्होंने कहा जो व्यक्ति केश रखेगा, कंघा रखेगा, कृपाण रखेगा, कड़ा पहनेगा, कच्छा पहनेगा तथा अमृत छकेगा, वह सिख अर्थात सिंह कहलाएगा और गुरुजी उसमें निवास करेंगे! खालसा पंथ की नींव रखने के बाद गुरु गोविंद राय को गुरु गोविंद सिंह जी कहा जाने लगा!



गुरु गोविंद सिंह तन, मन , धन और श्रद्धा से मानवता की सेवा करने के पक्ष में थे! वह जाती पाती में विश्वास नहीं रखते थे तभी तो पांच प्यारों में अलग-अलग जातियों के लोगों को लिया गया था! उनका सारा जीवन हिंदू धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ युद्ध करते करते ही बीता! युद्ध की दृष्टि से इन्होंने केसगढढ़, फतेहगढ़, लोहागढ़ आदि किले बनवाए! इनके 4 पुत्र थे! साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह! चमकौर की लड़ाई में सिखों के 40 बहादुर सिंहों ने 1 लाख मुगल सेना का मुकाबला किया और आधी से ज्यादा मुगल सेना को मौत के घाट उतार दिया! इस लड़ाई में गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों बड़े साहेबजादे बाबा अजीत सिंह तथा बाबा जुझार सिंह शहीद हो गए! सरसा नदी के पास गुरु गोविंद सिंह की सेना तथा मुगल सेना के बीच घमासान युद्ध हुआ! तब गुरु गोविंद सिंह जी ने अपनी माता गुजरी तथा दोनों छोटे बेटों, बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह को सुरक्षित ले जाने के लिए कहा! उनकी मुलाकात उनके पुराने रसोइए, गंगू ब्राह्मण से हो गई जो उन्हें अपने घर ले गया और उन्हें सुरक्षा तथा देखभाल का पूरा आश्वासन दिया! लेकिन उसने सरहिंद के नवाब को गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहबजादे के उसके घर में होने की खबर दे दी! दोनों साहबजादों को सरहिंद के नवाब की कचहरी में पेश किया गया जहां उन्होंने नवाब या और किसी के आगे सिर नहीं झुकाया बल्कि जयकारा लगाया.... बोले सो निहाल, सत श्री अकाल.....! नवाब ने उन्हें मुस्लिम धर्म अपनाकर अपनी जान बचाने के लिए कहा लेकिन दोनों साहेबजादों ने मना कर दिया! इस पर उन्हें दीवार में जिंदा ही चुनवा दिया गया! जब माता गुजरी को इन छोटे लालों के शहीद होने का पता चला तो उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए! इसके बाद गुरु गोविंद सिंह जी नांदेड साहब आ गए! गुरु गोविंद सिंह ने अपने जीवन काल में ही गुरु प्रथा को समाप्त कर दिया और गुरु ग्रंथ साहब को ही गुरु मानने के लिए सभी सिख संगत को आदेश दिया.... आज्ञा भई अकाल की तभी चलायो पंथ, सब सिखन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ..! अपने जीवन काल में पोंटा साहब आपकी साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र था! दमदमा साहिब में अपनी याद शक्ति तथा ब्रह्म सत्ता से श्री गुरु ग्रंथ साहब का उच्चारण किया और भाई मनी सिंह ने गुरुवाणी लिखी! गुरु गोविंद सिंह जी 42 साल तक औरंगजेब के जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे और 7 अक्टूबर 1708 को सचखंड श्री हजूर अब चल नगर नांदेड़ में सरहिंद के नवाब के मुसलमानों ने धोखे से इनको शहीद कर दिया!

गुरु गोविंद सिंह विद्वान, योद्धा, संवेदनशील, धर्म के प्रति समर्पित तथा कई भाषाओं के ज्ञाता थे! ! उन्होंने चिड़ियि संग बाज़ लड़ाने की बात कही थी!

गुरु गोविंद सिंह का बचपन का नाम गोविंद राय था! गुरु जी को कलगीधर, बाजां वाला, दशमेश बादशाह, संत सिपाही, सरबंसदानी आदि नामों से पुकारा जाता है! गुरु गोविंद सिंह का सहारा परिवार धर्म की रक्षा में तथा धर्म के प्रसार में शहीद हो गया! पिता गुरु तेग बहादुर, चारों बेटे, उनकी माता, गुजरी तथा स्वयं गुरु गोविंद सिंह धर्म की रक्षा के लिए काम आए! गोविंद सिंह के बलिदान को मानवता कभी नहीं भूल सकती!

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

# लावारिस:अधर पर लटका फुटपाथी बच्चों का भविष्य

भारत ऐसा देश है जहाँ सड़कों पर जिल्लत का जीवन बिताने वाले बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। यह बच्चे स्कूल जाने की उम्र में स्टेशन पर भीख मांगते हैं या जूता पॉलिश करते मिलेंगे। ऐसे बच्चों की संख्या लगभग आठ करोड़ है ऐसे बच्चें एयर कंडीशन गाड़ियों को धोते हुए, पसीने में लथपथ चौराहे पर टिशू नैपकिन बेचने वाले, अपार्टमेंट में झाड़ू पोछा, बर्तन साफ करने वाले ऐसे हजारों की तादाद में मौजूद है। आजादी के इतने साल बीत गए लेकिन अभी तक ऐसे बच्चों का हम कोई भविष्य तय नहीं कर पाए हैं जो फुटपाथ में पड़े होते हैं और इनके लिए कोई योजनायें नहीं बनाई गई है और यदि कोई योजनायें तैयार की जाती है तो उसकी फाइलें कहीं ना कहीं धूल खाती मिलेंगी और फंड के निवाले किसी और के गले में उतर जाते हैं। सड़क के बच्चों के लिए यूनेस्को और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्था द्वारा करोड़ों रुपए का अनुदान बच्चों के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए दिया जाता है ईन करोड़ों रुपए के अनुदान का कितने प्रतिशत इन बच्चों पर खर्च होता है कोई नहीं जानता और अनुदान का पैसा कहा जाता है? यह तथ्य किसी से नहीं छुपा है! सड़क पर पल रहे इन बच्चों को अपना पेट पालने के लिए खुद की मशक्कत करनी पड़ती है उनका और कई तरह से भी शोषण होता है। ऐसे हालातों के शिकार इन बच्चों के लिए किसी भी दिवस के क्या मायने हैं? दिवस और आयोजन तो उनके लिए होते हैं जिनका पेट भरा होता है जिन्हें भावनात्मक सुरक्षा और घर परिवार का प्यार मिल रहा है तब क्या कोई जरूरत रह जाती है? बाल दिवस समारोह जैसे किसी भी आयोजन की आज के जितने भी सामाजिक



समारोह और घोषणाएँ की जाती है औपचारिकता बनकर रह जाती है। महापुरुषों और उनके आदर्शों बस अपनों को याद तो लोग कर लेते हैं फिर अगले दिन उन्हें भूल जाते हैं लेकिन एक दिन भी ऐसा नहीं होता है जहाँ परिस्थितियों पर विचार सोचनीय हो। कुछ समस्याओं के समाधान बड़ी मुश्किल और लंबे होते हैं लेकिन इसी कारण हमें आशावादी दृष्टिकोण और प्रयास करना तो नहीं छोड़ सकते! एक उम्मीद की किरण तो रखनी चाहिए। फटे मैले कुचेले कपड़ो पर बसों और ट्रेनों में यह बच्चे गाना गाते हुए बेसुरी आवाज में अपने हाथों में पत्थर के दो टुकड़ों को बड़ी कुशलता से बजाते हुए सफर करते हुए लोगों से पैसा मांगना शुरू कर देते हैं, जितने भी यात्री बैठे होते हैं उनमें से कई लोग उन्हें पैसा भी नहीं देते हैं केवल मनोरंजन मात्र का पुतला समझकर उसे सांत्वना में वाही वाही देते हैं। ये वह बच्चे होते हैं जिनके पास अपने खुद के मकान नहीं होते यह कहीं ना कहीं रास्तों पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर चूल्हे की आग में कच्चा पक्का खाना बनाकर जिसमें आधा खाना ही होता है कभी रोटियां नदारद, तो कभी सब्जी! भीख मांग कर इन्हें जो अन्न प्राप्त होता है इससे वह गुजर-बसर करते हैं। ठंड के दिनों में कड़कड़ाती हुई रात में इन्हें तन ढकने के लिए कपड़े भी नहीं मिलते। कहाँ इनका भविष्य जा रहा है? क्यों नहीं सोचा जाता है इनके बारे में? आखिर कहाँ जाता है इनकी सुरक्षा पर दिया गया पैसा? क्या फुटपाथ पर गुब्बारे बेचते बचपन को कभी खुद को गुब्बारों से खेलना नसीब हो पाएगा? क्या कभी हम इस जिम्मेदारी को अपना समझेंगे? क्या कभी इनसे जुड़े सवाल सिर्फ किसी एक दिन तक सीमित होने की बजाय एक व्यापक प्रयास बन पाएंगे? और क्या हम और आप इन सवालों के सार्थक जवाब ढूंढ पाएंगे?

कई संस्थायें ऐसी है जहाँ बच्चों के लिए गंभीरता से काम तो कर रही होती है इनके प्रयास भी बेशक सराहनीय है। यूनिसिटी भारत में फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों के लिए कई कार्यक्रम चलाता है बच्चों का यौन शोषण और उसके ऊपर होने वाले अपराधों को रोकने की योजना इसमें मुख्य है सारे कार्यक्रम ठीक से लागू किए जा रहे हैं कि नहीं इन पर मानवाधिकार आयोग भी नजर रखता है। कानून सरकार तो काम कर ही रहे अगर यह योजनायें ठीक से लागू हो तो काफी हद तक इन बच्चों का हित हो सकता है लेकिन इन सबके साथ एक दायित्व जनता का भी है आप इस समाज का हिस्सा है और आपकी समाज के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी बनती है। आपके द्वारा किया गया एक छोटा सा प्रयास बच्चों के भविष्य को उजालों से भर सकता है। यदि आप समर्थ हैं तो किसी बच्चे की पढ़ाई का खर्च उठा सके, सर्द रात में ठिठुरते किसी बच्चे को कपड़े दे सके तो अपना योगदान जरूर दें। चाहे व्यक्तिगत रूप से या किसी संस्था के माध्यम से। केवल सरकार को कोसते रहने से और उम्मीदें लगायें कि आपको दूसरे देशों से भीख मिले क्यों ना अपने देश में सड़को पर जीवन बिता रहे इन बच्चों के लिए कुछ करें! क्यों ना छोटे-छोटे ही सही कुछ प्रयास हम और आप ही करें ताकि यह बच्चे भी मना सके सारे त्यौहार! यह भी मुस्कुरा सके इनके हाथों में किताबें हो और ये गर्व से कह पाए कि सारा आसमान हमारा है और हम इस देश की किस्मत है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**पूजा गुप्ता**
**मिर्जापुर**
उत्तर प्रदेश

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा भारत की जनता के विकास और हित के लिए किया है कार्य

अंबिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस है। देश की सबसे पुरानी पार्टी आज 138 वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर कांग्रेस के राजीव भवन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पादप औषधि बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक,राज्य बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी श्रीवास्तव,प्रदेश महासचिव द्वितेंद्र मिश्र,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया।इसके पश्चात्य कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राजीव गांधी की फोटो पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि कर शहीद कांग्रेस नेताओं को याद किया इस दौरान कांग्रेस के सभी सम्मानीय वरिष्ठजन,समस्त ज़ोन प्रभारी , सम्मानित पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारीगण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण,कामगार कांग्रेस के पदाधिकारी, सम्मानीय सदस्य , पार्षद, एल्डरमैन, पुर्व पार्षद ,पार्षद प्रत्याशी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस ,एनएसयूआई, सेवादल,किसान कांग्रेस,अल्पसंख्यक विभाग, पिछड़ा प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अनुसुचित जनजाति प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, मीडिया विभाग, इंटक एवं सभी प्रकोष्ठ सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर राकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के सबको साथ लेकर चलने के समावेशी रुख के चलते भारत आगे बढ़ा। उन्होने कहा कि पार्टी ने हमेशा भारत की जनता के विकास और हित के लिए कार्य किया है।



जेपी श्रीवास्तव ने कहा हैं कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं जिसने हर परिस्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष का रास्ता चुना और हर कदम हमेशा जनहित में उठाया। हम सभी कांग्रेस जनों को कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाना चाहिए। कांग्रेस के कई नेताओं ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है और कांग्रेस पार्टी एक प्रगतिशील विचारधारा का नाम है जिसने आजादी के बाद देश को उन्नति के शीर्ष पर पहुंचाया है इसमें त्याग बलिदान और देश प्रेम की भावना भरी हुई है। प्रदेश महासचिव द्वितेंद्र मिश्रा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पादप औषधि बोर्ड अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ 28 दिसम्बर 1885 को बंबई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। इसके संस्थापक महासचिव ए ओ ह्यूम थे जिन्होंने कलकत्ते के व्योमेश चन्द्र बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया था। प्रारम्भिक वर्ष 1907 में कॉंग्रेस में दो दल बन चुके थे - गरम दल एवं नरम दल। गरम दल का नेतृत्व बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय एवं बिपिन चंद्र पाल कर रहे थे। नरम दल का नेतृत्व गोपाल कृष्ण गोखले, फिरोजशाह मेहता एवं दादा भाई नौरोजी कर रहे थे। प्रथम विश्व युद्ध के छिड़ने के बाद सन् 1916 की लखनऊ बैठक में दोनों दल फिर एक हो गये और होम रूल आंदोलन की शुरुआत हुई। और महात्मा गांधी के मार्गदर्शन कॉंग्रेस एक जन आंदोलन,जन समुदाय संस्था बन गई तत्पश्चात् राष्ट्रीय नेताओं की एक नयी पीढ़ी आयी जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, महादेव देसाई एवं सुभाष चंद्र बोस आदि शामिल थे। महात्मा गॉंधी के नेतृत्व में प्रदेश कॉंग्रेस कमेटियों का निर्माण हुआ, कॉंग्रेस में सभी पदों के लिये चुनाव की शुरुआत हुई एवं कार्यवाहियों के लिये भारतीय भाषाओं का प्रयोग शुरू हुआ। कॉंग्रेस ने कई प्रान्तों में सामाजिक समस्याओं को हटाने के प्रयत्न किये जिनमें छुआछूत, पर्दाप्रथा एवं मद्यपान आदि शामिल थे।

1947 में भारत की स्वतन्त्रता के बाद से भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस भारत के मुख्य राजनैतिक दलों में से एक रही है। इस दल के कई प्रमुख नेता भारत के प्रधानमन्त्री रह चुके हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,पण्डित नेहरू की पुत्री इन्दिरा गॉंधी एवं उनके नाती राजीव गॉंधी इसी दल से थे। राजीव गॉंधी के बाद सीताराम केसरी कॉंग्रेस के अध्यक्ष बने।बाद में सोनिया गॉंधी को हाईकमान बनाया गया। राजीव गॉंधी की पत्नी सोनिया गॉंधी कॉंग्रेस की अध्यक्ष तथा यूपीए की चेयरपर्सन,नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह जी भी रहेइस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन

### राम मंदिर मार्ग में बनेगा वाहन पार्किंग स्टैण्ड

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को उदयपुर क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम जजगा में रामपुरहीन दाई मंदिर के पास 6.50 लाख की लागत से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने मंदिर के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए उन्होंने 1.50 लाख रुपये का अनुदान प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को रागी के बीज का वितरण भी किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ रामगढ़ पहाड़ी में राम मंदिर पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने गुणवत्तापूर्ण रोड निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग स्टैंड बनाने सहित दुकानों और यात्रियों के लिए शेड बनाने के निर्देश भी दिए। रामगढ़ का यह पहाड़ी मार्ग लगभग 3.50 किमी लंबा है जिसमें लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री राजनाथ सिंह, श्री सिद्धार्थ सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पीएस सिसोदिया, उदयपुर तहसीलदार श्री मनीष सूर्यवंशी, जनपद सीईओ श्री पारस पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामवासियों ने दिया धरना

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लखनपुर के बंधाघुटापारा के लोग पेय जल की समस्या से जूझ रहे हैं। पीने योग पानी नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परेशान ग्रामीणों ने 6 महीने पूर्व रैली निकाल कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर पेय जल की समस्या दूर करने की मांग की थी। कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही गांव में नल-जल योजना से गांव में पानी पहुंच जाएगी। पर आज तक गांव में एक हेंड पंप भी नहीं लगा। इन गंभीर समस्या को देखते हुए समाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बुधवार को गांव में धरना प्रदर्शन कर पानी की समस्या दूर करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। ग्रामवासियों का कहना है कि यहां के लोग कई सालों से पीने का साफ पानी के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन उनका सुनने वाला कोई नहीं हैं। 6



महीना पहले रैली निकालकर कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन दिया गया था। जिसमें कलेक्टर ने ग्रामवासियों को आश्वासन दिया था कि नल-जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचा दिया जाएगा। लेकिन नल जल योजना तो दूर की बात है यहां एक नया बोरिंग तक नहीं लग पाया। ग्राम में लगभग 50 घर है और 300 से अधिक लोग एक साथ निवास करते हैं। लगभग आधा किलो मीटर दूर में मात्र एक बोरिंग है, जिसका पानी पीने योग्य नहीं है। हैंड पंप चलाने से लाल पानी निकलता है। इतने बड़े बस्ती में मात्र एक बोरिंग है, और लोग जरूरत से अधिक होने के कारण समय पर पानी नहीं मिल पातार है। नहाने धोने के लिए लोग तालाब के पानी का उपयोग करते हैं। जो काफी दूर होने के कारण परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम मैं आबादी के हिसाब से कम से कम तीन से चार बोरिंग होना चाहिए। अगर किसी के घर में शादी व्याह होता है तो उसे टैंकर से पानी मंगाना पड़ता है। धरना प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सिन्हा, सरदेश मेहता, ज्योति चौरसिया, सुरेश राम बुनकर, सर्वेश्वरी बागे, अनीता टेकाम, अनीता पैकरा, रुदायन और ग्रामवासी शिवनाथ, जीतू, हरिनंदन, महेश, अर्जुन, महेश, वीरेंद्र, तपेश्वर साथ, राम परमेश्वर, सुखनी सोनमती, दूरजो, विमला एवं अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छायाचित्र प्रदर्शनी में लोगों को मिली योजनाओं की जानकारी

अम्बिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जनसंपर्क विभाग द्वारा बुधवार को जनपद मुख्यालय लखनपुर में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक एवं सुन्दर फ्लैक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है जिसका अवलोकन कर लोगों को योजनाओं की जानकारी मिली।



लखनपुर के बाजार में लगे छायाचित्र प्रदर्शनी शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने श्री गोरेलाल, श्री दिनेश कुमार, श्री अनिल कुजूर, श्री रामधनी, श्री स्वरूप, सुखसाय, रमता बाई, श्री हेमेश्वर तथा अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुँचे। उन्होंने राज्य शासन की राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वनोपज संग्रहण, कृषि ऋण माफी योजनाओं की जानकारी मिलने से खुशी जाहिर की।

## आईजी ने बन रहे हाइटेक कंट्रोल रूम का किया गया औचक निरीक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग द्वारा जिला सरगुजा मे बन रहे हाइटेक कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया, कंट्रोल रूम मे नये तकनीक के माध्यम से डायल 112 की त्वरित सेवाओं पर अधिकारियो कर्मचारियों को सजग रहकर व सक्रियता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया,आपत्कालीन सेवा मे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता द्वारा हाइटेक कंट्रोल रूम को ऑप्टिकल फाइबर जैसे तीव्र तकनिकी सहायता से जोड़कर जिले की सुरक्षा व्यव्यस्था के प्रभावी क्रियान्वयन मे महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी दी गई एवं कंट्रोल रूम मे उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी से पुलिस महानिरीक्षक को अवगत कराया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा साइबर सेल का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान साइबर सेल मे पदस्थ






अधिकारियो कर्मचारियों से वर्तमान समय मे साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए नये तकनीक का प्रयोग कर अपराधियों को पकड़ने एवं आमनागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा आमनागरिकों के हित मे चलाये जा रहे अभियान ÷अर्पण÷ एक उम्मीद की जानकारी पुलिस महानिरीक्षक को दी गई जिसमे सरगुजा पुलिस द्वारा 1 करोड़ से अधिक की राशि का मोबाइल एवं अन्य सामान खोजकर आमनागरिकों को प्रदान कर राहत दिए गए थे, वर्तमान समय मे भी अर्पण अभियान चलाकर पुनः आमनागरिकों को सहायता प्रदान करने की जानकारी दी गई। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा प्रत्येक थाना स्तर पर बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागु कर आमनागरिकों को पुलिस से जोड़ने एवं साइबर अपराधों की जागरूकता पर विशेष बल देने दिशा निर्देश दिए गए। औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस (ग्रामीण) श्री अखिलेश कौशिक, एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, खलासी की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम बोधा में मंगलवार को घर के पास सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से बस का खलासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खुटू राम उम्र 61 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम बोदा का रहने वाला था। वह शमीम बस में खलासी का काम करता था। बस उसके घर के पास सड़क से ही गुजरती है। वह उतर कर प्रति दिन अपने बच्चों के लिए कुछ खाने का सामान पहुंचा दिया करता था। 27 दिसंबर को वह अपने घर के पास बस रूकवाकर सामान पहुंचाने अंदर गया था। सामान पहुंचा कर वापस सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर निकले तो देखे की वह घायल पड़ा हुआ है। पूछने पर बस का ड्राइवर ने बताया कि अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। परिजन उसे निजी वाहन से इलाज के लिए बतौली अस्पताल ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

## 2 जनवरी तक चलेगा क्रेडिट कार्ड सप्ताह

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार समस्त कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में लाने हेतु 28 दिसम्बर से 2 जनवरी 2023 तक किसान क्रेडिट कार्ड सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। क्रेडिट कार्ड सप्ताह में किसान चिन्हांकित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति शिविर में आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवा सकते हैं।

उक्त आयोजन के अंतर्गत निर्धारित तिथि को संबंधित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में गैर धारी कृषकों को नवीन किसान क्रेडिट कार्ड जारी कर लाभांवित किया जाएगा। कलेक्टर ने इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिले के समस्त



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अम्बिकापुर, लखनपुर, लुण्ड्रा, उदयपुर, सीतापुर, बतौली तथा मैनपाट के अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया है।

इन समितियां में लगेंगे शिविर- 29 दिसम्बर को अम्बिकापुर विकासखंड के कर्रा व खैरबार, लखनपुर विकासखंड के अमल भिठी व निम्हा, उदयपुर विकासखंड के डांडगांव व केदमा, लुण्ड्रा विकासखंड के ससौली व कुन्दीकला, सीतापुर विकासखंड के भुसू व केरजू, बतौली विकासखंड के बटईकेला तथा मैनपाट विकासखंड के बंदना व राजापुर समिति में शिविर लगाई जाएगी। 30 दिसंबर को अम्बिकापुर विकासखंड के सुखरी व मेंड्राकला, लखनपुर विकासखंड के जमगला व कुन्नी, उदयपुर विकासखंड के खम्हरिया, लुण्ड्रा विकासखंड के बटवाही व बरगीडीह तथा सीतापुर विकासखंड के गेरसा व पेटला, 2 जनवरी को अम्बिकापुर विकासखंड के करजी, लखनपुर विकासखंड के चांदो, लुण्ड्रा विकासखंड के सहनपुर समिति में शिविर लगाई जाएगी।

## सिलाई मशीन प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्राचार्य सह नोडल अधिकारी ने बताया है कि वर्ष 2022-23 में सिलाई मशीन ऑपरेटर कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण कराई जाएगी। इच्छुक हितग्राही 2 जनवरी 2023 को शाम 5 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण 3 माह का होगा जिसमें कौशल प्रशिक्षण उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज से संपर्क कर सकते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का दौरा कार्यक्रम

अम्बिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव 29 दिसंबर 2022 को प्रातः 9:50 बजे निवास तपस्या से गांधी स्टेडियम के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिंहदेव गांधी स्टेडियम में स्व एमएस सिंहदेव स्मृति शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के प्रश्चात ग्राम केदमा के लिए प्रस्थान करेंगे। वे केदमा में बड़ेगांव एवं पनगोती रोड का निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 12:15 बजे केदमा से सितकालो के लिए प्रस्थान करेंगे। सितकालो पहुंचकर खामकूट पहुंच मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। श्री सिंहदेव अपराह्न 4:00 बजे ग्राम मरेया से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## धान के साथ-साथ कोसा पालन करने में भी रुचि दिखा रहे हैं सरगुजा के किसान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा के किसान धान के साथ-साथ कोसा पालन करने में भी रुचि दिखा रहे हैं। ग्रामोद्योग रेशम विभाग भी लगातार गांव-गांव में सर्वे कर किसानों को कोसा उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहा है। जिला मुख्यालय अंबिकापुर के अलावा सकालो, सीतापुर, डांड़केसरा, बनेया सहित अन्य गांवों में लगभग 80 हेक्टेयर भूमि में लगे अर्जुन के पेड़ों पर कोसा का पालन कर किसान लाखों रुपए कमा रहे हैं। इस काम में लगभग 1 हजार से 'यादा लोग जुड़े हैं। कोसा पालन से लकर रेशम बनाने तक का काम कर रहे हैं। सरगुजा में ग्रामोद्योग रेशम विभाग की पहल पर कोसा पालन व रेशम धागा बनाने का काम काफी दिनों से चल रहा है। धीरे-धीरे यह स्कोप काफी बढ़ रहा है। जिले के किसान इस काम से जुड़ कर कोसा पालन कर रहे हैं और अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। 1000



हजार से 'यादा लोग कोसा पालन से लेकर रेशम बनाने का काम कर रहे हैं। अंबिकापुर स्थित रेशम विभाग की 10 हेक्टेयर भूमि, सकालो में 15, सीतापुर में 10 डांड़केसरा में 10 व बनेया में 20 हेक्टेयर में लगे अर्जुन-साजा के पेड़ों पर कोसा कृमि चढ़ाया जाता है। इस कृमि के माध्यम से कोसा का पालन किया जाता है। किसान साल में दो बार कोसा का पालन करते हैं। कोसा पालन करने के बाद उससे रेशम बनाए जाते हैं। रेशम बनाने का काम बेलखरिखा में हो रहा है। यहां का रेशम धागा छत्तीसगढ़ के अलावा यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल व झारखंड तक जाता है।



### कृषि के साथ-साथ कोसा पालन

सरगुजा में कोसा कृमि पालन लोगों के लिए रोजगार का बढ़िया अवसर उपलब्ध करा रहा हैं। रेशम कीट पालन को अपना कर लोग अपने अतिरिक्त आय का जरिया बना रहे हैं। किसान आनंद मिंज पिछले 6 वर्षों से कोसा पालन कर रहे हैं। विनोद राम 1996 से कोसा पालन कर रहे हैं। कोसा पालन के साथ-साथ कृषि का भी काम करते हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए नियमित बचत कर परिवार के लिए नियमित सुविधा भी जुटा लिए।

### कोसा पालन कर किसानों को हो रहा दोहरा लाभ

अर्जुन के पेड़ों की व्यापकता किसानों के लिए अतिरिक्त लाभ कमाने का जरिया बनती जा रही है। इन पेड़ों पर कोसा पालन कर किसान अब खेत के साथ-साथ मेड़ों से भी आमदनी ले रहे हैं। कृषि में नवाचार को अपनाने वाले किसान दोहरा लाभ कमा रहे हैं।

### एक हेक्टेयर में लगे अर्जुन पेड़ों पर एक लाख कोसा

रेशन विभाग के फील्ड अधिकारी शिवनारायण इक्षसह ने बताया कि 1 हेक्टेयर भूमि पर लगे अर्जुन पेड़ों पर लगभग 1 लाख कोसा तैयार होता है, जिसे किसानों द्वारा पालन करने के बाद निकाला जाता है। कोसा को ए, बी व सी श्रेणी में छांटा जाता है। ए ग्रेड का कोसा प्रति नग तीन रुपए बेचा जाता है।

# पैदल चलकर हज करना चाहता है भारतीय नागरिक, ट्रांजिट वीजा के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पाकिस्तानी शख्स



**इस्लामाबाद , 28 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान के एक व्यक्ति ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में लाहौर हाईकोर्ट (एलएचसी) के उस फैसले को चुनौती दी, जिसमें एक भारतीय नागरिक के लिए ट्रांजिट वीजा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। यह 29 वर्षीय भारतीय नागरिक, पाकिस्तान में प्रवेश करना चाहता था, ताकि वह हज के लिए सउदी अरब स्थित मक्का तक की पदयात्रा कर सके।

याचिकाकर्ता एवं लाहौर निवासी सरवर ताज ने अपनी याचिका में दलील दी कि पाकिस्तान सरकार ने गुरु नानक देव की जयंती के दौरान एवं अन्य अवसरों पर काफी संख्या में भारतीय सिखों को वीजा जारी किया था और देश (पाकिस्तान) में स्थित पवित्र स्थलों की यात्रा के लिए हिंदुओं को यह सुविधा प्रदान की थी।

उन्होंने कहा कि इसी तरह उसे भारतीय मुस्लिम व्यक्ति को (ट्रांजिट) वीजा देना चाहिए जो हज के लिए पैदल ही सउदी अरब पहुंचने का इच्छुक है। शिहाब चोत्तुर 2023 में हज पहुंचने के लिए जून में केरल स्थित अपने गृह नगर से पैदल ही 8,640 किमी की यात्रा पर निकला था। वह यात्रा के दौरान पाकिस्तान, ईरान, इराक और कुवैत से गुजरने वाला था।

हालांकि, पाकिस्तान के आव्रजन अधिकारियों ने अक्टूबर में वाघा सीमा पर उसे रोक दिया, क्योंकि उसके पास वीजा नहीं था। शिहाब ने आव्रजन अधिकारियों के समक्ष दलील दी थी कि वह पैदल ही हज पर जा रहा है और उसने 3,000 किमी की दूरी तय कर ली है तथा उसे मानवीय आधार पर देश में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। वह ईरान के रास्ते सउदी अरब पहुंचने के लिए एक ट्रांजिट वीजा चाहता था।

पिछले महीने लाहौर उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शिहाब की ओर से दायर ताज की एक अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा था, ''याचिकाकर्ता भारतीय नागरिक से ताल्लुक नहीं रखता है, न ही अदालत का रुख करने के लिए वकील रखने का उसे अधिकार है।''

# अमेरिका में बिकेगी पाकिस्तानी दूतावास की इमारत, भारतीय ने लगाई दूसरी सबसे ऊंची बोली



**वाशिंगटन, 28 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि विदेशों में उसे अपनी संपत्ति को बेचना पड़ रहा है। अमेरिका में भी पाकिस्तान अपने दूतावास की इमारत बेच रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में अमेरिका में स्थित अपने दूतावास की इमारत को बेचने की मंजूरी दी थी। इस खरीदने के लिए बोली लगना शुरू हो गया है। मजेदार बात यह है कि इस इमारत के लिए अब तक तीन बोलियां आई हैं। इनमें सबसे ऊंची बोली एक यहूदी समूह ने लगाई है। वहीं, दूसरी सबसे ऊंची बोली एक भारतीय रिएल्टर की तरफ से है। यह इमारत अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के पॉश इलाके में है और इसकी कीमत करीब 60 लाख अमेरिकी डॉलर बताई गई है।

### यहूदी समूह ने सबसे ऊंची बोली लगाई

मौजूदा आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान को अपनी इस संपत्ति के लिए तीन बोलियां मिली हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि जिस इमारत में कभी पाकिस्तान के दूतावास का डिफेंस सेक्शन स्थित था, उसके लिए एक यहूदी समूह ने सबसे ऊंची बोली लगाई है। पाकिस्तानी राजनयिक सूत्रों ने बताया कि लगभग 6.8 मिलियन डॉलर (56.33 करोड़ रुपये) की उच्चतम बोली यहूदी समूह ने लगाई है। यह समूह इस इमारत में एक सिनेगॉग (प्रार्थना स्थल) बनाना चाहता है।

# अमेरिका के बाद जापान में भारी बर्फबारी, 17 की मौत,90 से अधिक घायल



**टोक्यो , 28 दिसम्बर 2022।** अमेरिका के बाद अब जापान बर्फबारी की चपेट में हैं। यहां भारी हिमपात के कारण अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और 90 से ज्यादा लोग घायल हैं। इसके अलावा कई घरों की बिजली भी गुल हो गई है।

आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया, जापान के कुछ क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है। इस कारण उत्तरी क्षेत्रों में राजमार्गों पर बर्फबारी में वाहन फंस गए हैं। अधिकारियों का कहना कहना है कि कई मौतें छतों से बर्फ हटाने के दौरान हुई, लोग छत से नीचे गिर गए। ऐसे में आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### हजारों घरों की बिजली गुल

वहीं बर्फबारी के कारण पूर्वोत्तर जापान में करीब 20 हजार घरों की बिजली गुल हो गई है। यहां औसत से तीन गुना अधिक बर्फबारी हुई है। इसके अलावा उत्तरी जापान में दर्जनों ट्रेनें और उड़ान भी प्रभावित हुई हैं।

# पूर्व सेना प्रमुख बाजवा ने की थी इमरान खान की मदद,पीएम शरीफ के सहयोगी का दावा



**इस्लामाबाद, 28 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक मलिक अहमद ने दावा किया है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश इमरान खान के बानी गाला हाउस मामले में पक्ष लेने के लिए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को प्रभावित किया था। पाक मीडिया के मुताबिक, मलिक ने कहा कि पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने बानी गाला हाउस मामले में पीटीआई पार्टी के अध्यक्ष खान को दोषमुक्त कर दिया गया था क्योंकि बाजवा ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश साकिब निसार को प्रभावित किया था।

मई, 2017 में राजधानी विकास प्राधिकरण (सीडीए) और इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र (आईसीटी) प्रशासन ने पीटीआई प्रमुख इमरान खान के आवास सहित इस्लामाबाद के बानी गाला में 122 संपत्तियों को अवैध घोषित किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मलिक अहमद खान पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख बाजवा के करीबी रहे हैं।

हालांकि रिटायर्ड जस्टिस निसार ने मलिक के दावे को बकवास और पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख बाजवा ने कभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उनके फैसलों को प्रभावित नहीं किया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राजधानी शहर इस्लामाबाद में पूरा बानी गाला क्षेत्र को अवैध रूप से बनाया गया था, और यह मामला परिसर में सभी संपत्तियों को नियमित करने के बारे में था।

वहीं, पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने भी मलिक अहमद खान के दावे का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख बाजवा पर पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश को प्रभावित करने का आरोप लगाना गंभीर है। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

# मां-बहनें नहीं पढ़ सकतीं तो मुझे नहीं चाहिए ये उपाधियां,प्रोफेसर ने लाइव शो में फाड़ी डिग्री

**नई दिल्ली , 28 दिसम्बर 2022।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार द्वारा महिलाओं की कॉलेजों में पढ़ाई पर रोक लगाने से शिक्षक समुदाय में भारी आक्रोश है। इसकी झलक अफगानिस्तान के एक लाइव टीवी शो में भी देखने को मिली। शो में एंकर के साथ इस विषय पर चर्चा कर रहे काबुल यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर इतने आगबबूला हो गए कि उन्होंने अपनी डिग्रियों को फाड़ डाला। प्रोफेसर ने कहा कि यदि मेरी माताएं और बहनें नहीं पढ़ सकें तो उन्हें इस शिक्षा की कोई जरूरत नहीं है।

अफगान प्रोफेसर द्वारा लाइव शो में डिग्रियां फाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वे चर्चा के दौरान चौंकाते हुए एक-एक कर अपने सारे डिग्री डिप्लोमा व सर्टिफिकेट निकालते हैं और उन्हें सरेआम फाड़ देते हैं। यह वीडियो शबनम नसीमी ने ट्विटर पर साझा किया है। शबनम अफगान के पुनर्वास और शरणार्थी मामलों के मंत्री की पूर्व सलाहकार हैं। नसीमी अभी अफगानिस्तान के कंजर्वेटिव फ्रेंड्स समूह के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। यह समूह यूनाइटेड किंगडम में अफगानिस्तान के प्रति समझ और समर्थन जुटाने के लिए काम करता है।



लाइव शो में प्रोफेसर ने कहा, %आज से मुझे इन डिप्लोमा और डिग्रियों की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इस देश में शिक्षा के लिए कोई जगह नहीं है। अगर मेरी बहन और मेरी मां पढ़ नहीं सकती हैं, तो मैं इस शिक्षा को स्वीकार नहीं करता।

### तालिबान ने महिलाओं पर लगाई कई पाबंदियां

पिछले साल अगस्त में तालिबान ने अमेरिकी सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान पर फिर से कब्जा कर लिया है। सत्ता पर कब्जा करने के तुरंत बाद तालिबान नेताओं ने एक उदार शासन का वादा किया था। हालांकि, तालिबान सरकार के कामों में उदारता नजर नहीं आ रही। उन्होंने महिलाओं पर शिक्षा समेत तमाम पाबंदियां लगाई हैं।

### कॉलेजों में पढ़ाई पर लगाई रोक

पिछले हफ्ते तालिबान सरकार ने पूरे अफगानिस्तान में महिलाओं की कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में पढ़ाई पर प्रतिबंध लगा दिया। इसकी व्यापक आलोचना हो रही है। तालिबान सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री नेदा मोहम्मद नदीम ने सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर कहा, %आप सभी को सूचित किया जाता है कि अगली सूचना तक लड़कियों की शिक्षा निलंबित करने के आदेश को तुरंत लागू करें।%

इससे पहले महिलाओं के लिए कॉलेजों में आवाजाही के अलग दरवाजे, कक्षाओं में बुजुर्ग प्रोफेसरों या महिला प्रोफेसरों द्वारा ही पढ़ाई का फरमान जारी किया गया था। अफगानिस्तान में लड़कियों की माध्यमिक स्कूलों की पढ़ाई को पहले ही प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# इस्लामाबाद आत्मघाती हमले के संदिग्ध व हैंडलर्स हिरासत में, एक पुलिसकर्मी व दो आतंकी मारे गए थे



**इस्लामाबाद , 28 दिसम्बर 2022।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले के मामले में पुलिस ने चार-पांच संदिग्ध संदिग्ध और हैंडलर्स को हिरासत में लिया है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री सनाउल्लाह ने यह दावा किया।

गत शुक्रवार को इस्लामाबाद में हुए हमले में एक पुलिसकर्मी और दो संदिग्ध आतंकियों की मौत हो गई थी। इनके अलावा चार पुलिसकर्मी और कम से कम छह अन्य घायल हुए थे। यह हमला उच्च सुरक्षा वाले आवासीय इलाके में हुआ था। वहां से रावलपिंडी से मात्र 15 किलोमीटर दूर हैं, जहां पाकिस्तान के महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठान स्थित हैं। सनाउल्लाह ने बताया कि इस्लामाबाद आतंकी हमले के संदिग्धों को हमने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही हमने उनके हैंडलर्स को भी पकड़ लिया है।

### दूसरा मृतक टैक्सी ड्राइवर था महिला नहीं

सनाउल्लाह के ट्वीट से पता चला है कि जिस कार में आत्मघाती धमाका किया गया उसमें मृत दूसरा व्यक्ति महिला नहीं थी। पुलिस ने पहले दावा किया था कि वह महिला थी। अब कहा गया है कि वह उस टैक्सी कार का ड्राइवर था, जिसे आत्मघातियों ने रावलपिंडी से इस्लामाबाद जाने के लिए किराए पर लिया था।

उन्होंने कहा कि टैक्सी चालक निर्दोष था और हमले में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। आतंकवादी कुर्रम एजेंसी (आदिवासी जिला) से रवाना हुए और रावलपिंडी में रुके। हमने चार या पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हमले के बाद से इस्लामाबाद में हाई अलर्ट है। पुलिस ने आतंकवादियों द्वारा किसी भी नए खतरे का मुकाबला करने के लिए 25 नई जांच चौकियों सहित कई कदम उठाए हैं। इस धमाके के बाद शहर में आतंक व भय व्याप्त हो गया। अमेरिका और सऊदी अरब सहित कई विदेशी मिशनों ने अपने नागरिकों को होटलों में जाने व आवास से बाहर जाने से बचने की सलाह दी है।

### टीटीपी ने किया बम धमाके का दावा

इस आत्मघाती धमाके का दावा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (ञ्जञ्जक्क) ने किया है। यह एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है, जो अफगान तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के बाद फिर से सक्रिय हो गया है। टीटीपी को आतंकी संगठन अल-कायदा का करीबी माना जाता है।

### आईएमएफ की शर्तें मानने के अलावा चारा नहीं ¬ शहबाज शरीफ

बता दें, पाकिस्तान आतंकी खतरे के साथ जबर्दस्त नकदी संकट से जूझ रहा है। इसे लेकर पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनकी सरकार के सामने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से मदद लेने के लिए उसका करार व शर्तें मानने के अलावा कोई चारा नहीं है। एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान ने मंगलवार को बताया कि एक बैठक में शरीफ ने खेद व्यक्त किया कि अगर सरकार किसी भी क्षेत्र में कोई सब्सिडी देना चाहती है, तो उसे आईएमएफ के पास मंजूरी के लिए जाना होगा। यह एक दर्दनाक असलियत है। प्रधानमंत्री शरीफ ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती इमरान खान सरकार ने आईएमएफ के साथ समझौते का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया था।

# अमेरिका में शरण नहीं ले पाएंगे मैक्सिको बॉर्डर पर फंसे प्रवासी, सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखे पुराने नियम

**वॉशिंगटन, 28 दिसम्बर 2022।** अमेरिका सरकार की ओर से दो साल पहले मैक्सिको बॉर्डर से प्रवासियों की एंट्री रोकने के आदेश पर अब सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाते हुए इसे और लंबे समय के लिए बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने कोरोनाकाल का हवाला देते हुए मैक्सिको बॉर्डर से प्रवासियों के घुसने पर रोक लगा दी थी। उनके इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई। लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद मैक्सिको बॉर्डर पर फंसे लोगों का अमेरिका जाने का इंतजार बढ़ गया है।



### 19 राज्यों ने दी थी प्रवासियों की भीड़ बढ़ने की चेतावनी

इससे पहले अमेरिका के 19 राज्यों ने इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि अगर ट्रंप के समय में लगाए गए एंट्री बैन को अचानक हटाया जाता है, तो अमेरिका में मैक्सिको के प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा होगा। हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के बाद केस को सुप्रीम कोर्ट के पास भेजा गया। यहां फैसला हुआ कि मैक्सिको के उन लोगों को भी अमेरिका में शरण नहीं मिलेगी, जिन्हें पहले शरण की इजाजत मिली होगी या जो इसके लिए क्वालिफाइड होंगे।

# गाम्बिया के बाद उज्बेकिस्तान में कफ सिरप पीने से 18 बच्चों की मौत,भारतीय दवा कंपनी पर लगा आरोप

**ताशकंद , 28 दिसम्बर 2022।** गाम्बिया के बाद अब उज्बेकिस्तान में कथित तौर पर भारतीय दवा कंपनी का कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उज्बेकिस्तान की सरकार ने 18 बच्चों की मौत के लिए भारत की एक दवा कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित कफ सिरप का सेवन करने से 18 बच्चों की मौत हुई है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फार्मास्यूटिकल कंपनी मैरियन बायोटेक (रूह्नह्द्धश्ठ क्षद्धश्ह्लद्गष्द्ध) द्वारा निर्मित छ्वश्द्म-1 रूह्व× सिरप के पीने से बच्चों की मौत हुई है। यह दवा कंपनी ने वर्ष 2012 में उज्बेकिस्तान के बाजार में कदम रखा था। सूत्रों के मुताबिक, इस कंपनी द्वारा निर्मित छ्वश्द्म-1 रूह्व× सिरप वर्तमान में भारतीय बाजार में नहीं बेचा जा रहा है।

### गाम्बिया में हुई थी 60 से अधिक बच्चों की मौत

इससे पहले, अक्तूबर में अफ्रीकी देश गाम्बिया में भारत में निर्मित कफ सिरप से 60 से अधिक बच्चों की मौत का मामला सामने आया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया था, लेकिन अभी तक भारतीय कंपनी के कफ सिरप से बच्चों की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



गाम्बिया में कथित तौर पर भारत में निर्मित कफ सिरप से बच्चों की मौत पर सरकार ने संसद में जानकारी दी थी कि मेडेन फार्मास्यूटिकल्स की खांसी की दवाई के नमूने मानक गुणवत्ता वाले पाए गए हैं। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने 13 दिसंबर को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने राज्य औषधि नियंत्रक के सहयोग से सोनीपत में मेडेन फार्मास्यूटिकल्स की एक संयुक्त जांच की थी।

### डब्ल्यूएचओ ने जारी की थी रिपोर्ट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अक्तूबर की शुरुआत में इसे लेकर रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें कहा गया था कि खांसी की दवा डाइथेलेन ग्लाइकोल और इथिलेन ग्लाइकोल इंसान के लिए जहर की तरह हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसुस ने कहा था कि बच्चों की मौत का संबंध चार दवाओं से है। इन सिरप के सेवन से उनके गुर्दों को क्षति पहुंची। ये चारों दवाएं हरियाणा की एक ही कंपनी मेडेन फार्मास्यूटिकल्स की हैं।

### मेडेन फार्मास्यूटिकल के उत्पादों पर बैन

ङ्घ॥ह्र की रिपोर्ट आने के बाद गाम्बिया ने मेडेन फार्मास्यूटिकल के उत्पादों पर बैन लगा दिया गया था। ङ्घ॥ह्र ने सभी देशों को इन दवाओं को बाजार से हटाने की चेतावनी दी थी। खुद भी इन देशों और संबंधित क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखने की बात कही थी। ङ्घ॥ह्र की चेतावनी के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने जांच के आदेश जारी कर दिए।

# क्या भाजपा जिलाध्यक्ष ने दुकान में कब्जा जमाया, सर्वेसर्वा बनकर कर रहे पार्टी का बेड़ागर्क?

**अन्य दुकानदारों ने जमा की लाखो की राशि, जिलाध्यक्ष के लिए नियम दरकिनार**

## भाजपा के अंदर खाने की चर्चा,भाजपा जिलाध्यक्ष के सामने तो नहीं पर पीठ पीछे दुकान के कब्जे पर जता रहे एतराज

**भाजपाइयों को रास नहीं आ रहा के जिलाध्यक्ष के पुत्र का भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में चाय दुकान खोलना।**

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।







कोरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष को लेकर भाजपा के अंदर खाने में कुछ ठीक नहीं चल रहा जिलाध्यक्ष के सामने तो कुछ नहीं बोल पा रहा है पर पीठ के पीछे आपत्ति जरूर दर्ज कर रहे हैं इस बार जो जिलाध्यक्ष को लेकर भाजपाइयों में रोष है वह है भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने जिलाध्यक्ष के पुत्र का चाय दुकान खोलना, सामने तो भारतीय जनता पार्टी के लोग अच्छे बन जाते हैं और पीठ के पीछे उसकी बुराई करते नजर आते हैं यह हम नहीं कह रहे हैं यह शहर में चर्चा का विषय है चर्चाओं पर गौर करें तो कोरिया जिला भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष पार्टी का बेड़ागर्क करने में कोई कमी नही कर रहे हैं, पदाधिकारी कार्यकर्ताओ को अपशब्द, उटपटांग बोलना हो उन पर धौंस दिखाना हो या खुद को सबसे पावरफुल बताना हो इसमें वे हमेशा आगे दिखलाई देते हैं, जिलाध्यक्ष की करतूत के कारण पार्टी में जबरजस्त आक्रोश भी व्याप्त है, लेकिन संगठन से बंधे होने के कारण कोई भी कुछ बोलना नही चाहता। कोरिया जिला विभाजन के बाद वैसे भी अब यहां बड़े भाजपा के नेताओं की कमी हो गई है जो हैं वे कुछ बोलना भी नही चाहते यही वजह है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अपने मनमुताबिक जो मन मे आ रहा है वह कर रहे हैं।

एक ताजा मामले पर यदि गौर किया जाए तो समझा जा सकता है कि जिलाध्यक्ष किस प्रकार अपने पद का दुरूपयोग कर रह हैं। जानकारी के तहत पूर्व में भाजपा कार्यालय के निर्माण के दौरान कुल 5 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था उस दौरान सभी खरीददारो से 5-7 लाख रूपये लेकर दुकानो को विक्रय किया गया था। इसके बाद वर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कार्यालय में अपनी मनमर्जी शुरू कर दी, बतलाया जाता है कि जिलाध्यक्ष ने कार्यालय में गैलरी के रूप में उपयोग हो रहे स्थल को दुकान का रूप दिया, और इसके लिए पार्टी फंड में कोई राशि जमा किये बगैर ही मनमर्जी करते हुए उस पर खुद कब्जा कर लिया। जिलाध्यक्ष द्वारा उक्त दुकान में अपने पुत्र को चाय की दुकान खुलवाई गई है जिसका शुभारंभ बीते दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओ के द्वारा कराया गया है।

### दुकान निर्माण के पूर्व व बनने के बाद आबंटित होने की जानकारी क्या जिलाध्यक्ष ने स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं को दी?

सूत्रो ने बतलाया कि दुकान निर्माण के पूर्व व बनने के बाद भी किसे आबंटित किया जाएगा इस बारे में जिलाध्यक्ष ने स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं को भी जानकारी देना उचित नही समझा, पार्टी की समन्वय समिति के सदस्यो से भी जानबूझकर कोई चर्चा नही की गई, इतना जरूर बतलाया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष के द्वारा किए जा रहे उक्त कृत्य की जानकारी जब प्रदेष नेतृत्व तक शिकायत के रूप में पहुंची तब जिलाध्यक्ष ने संगठन महामंत्री पवन साय को भी बरगला दिया और निःशुल्क दुकान पर कब्जा कर ही लिया। सूत्रों का कहना है कि अन्य दुकानदारों ने लाखो रूपये जमा भी किया है और महीने का किराया भी दिया जा रहा है लेकिन जिलाध्यक्ष ने कब्जा किये हुए दुकान के लिए न तो कोई राशि जमा की है और न ही किराया जमा किया जाएगा। जाहिर सी बात है जिलाध्यक्ष खुद को सर्वेसर्वा साबित करने में लगे है, उनका नियम पार्टी के लिए नियम है।

### क्या जिलाध्यक्ष दुबार जिम्मेदारी के बाद बेलगाम हो गए हैं?

किसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता में इतनी हिम्मत नही कि वह जिलाध्यक्ष के द्वारा किये जा रहे गलत कार्य को गलत बता सके इसलिए जिलाध्यक्ष हैं कि वह अपनी मनमर्जी पर ऊतारू हैं और अपने मन से संगठन चला रहे हैं। पार्टी के रूष्ट नेताओ का दबी जुबान से कहना भी है कि जब से दुबारा उन्हे जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी गई तबसे वे और बेलगाम हो गए हैं किसी भी कार्यकर्ता को उटपटांग बोलना अब उनके आदत में शुमार है। आगामी वर्ष चुनावी वर्ष है, चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी लेकिन यह समझ से परे है कि वर्तमान जिलाध्यक्ष अपनी कार्यषैली से आखिर किस प्रकार पार्टी को जीत दिला पाएंगे। पार्टी नेतृत्व को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022**

# नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक-03 में दो और नगरनिगम चिरमिरी वार्ड क्रमांक-22 में तीन अभ्यर्थी निर्वाचन में होंगे शामिल







**» उपनिर्वाचन अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी अभ्यर्थियों की बैठक संपन्न**

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर , 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय उपनिर्वाचन 2022 के अंतर्गत गत मंगलवार को अभ्यर्थिता वापसी के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में व्यय प्रेक्षक श्री नंदकिशोर चक्रधारी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार भगत एवं व्यय संपरीक्षक श्री यूएसए साहू, श्री संदीप शर्मा और श्री दयाराम भगत की उपस्थिति में नगर निगम चिरमिरी वार्ड क्रमांक-22 तथा नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक-03 में निर्वाचन में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठज संपन्न हुई। सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक कर निर्वाचन से संबंधित दिशा निर्देशों की जानकारी दी और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने की अपील की। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय रजिस्टर तथा अन्य, प्रपत्र नियम-निर्देश उपलब्ध कराए गए।

नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक-03 में अभ्यर्थी अंकित चंदेल एवं सपन महतो तथा नगरनिगम चिरमिरी वार्ड क्रमांक-22 में अभ्यर्थी दिनेश, प्रशांत त्रिपाठी एवं सपना खोड़िया निर्वाचन में शामिल हैं।

### अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन, मतदान एवं गणन अभिकर्ता की नियुक्ति

बैठक में सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन, मतदान, गणना अभिकर्ता नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप भी लिए गए। अभ्यर्थियों को अपना एक निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता नियुक्त किये जाने का प्रावधान है उक्त अभिकर्ता उस क्षेत्र का पंजीकृत निर्वाचक हो तथा अभ्यर्थी अथवा मतदाता होने के लिए निहर्रित न हो। निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु नामनिर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के बाद किसी भी समय निर्धारित प्रारूप में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर से आवेदन कर नियुक्त किया जा सकता है।

# केल्हारी समिति के तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## केल्हारी धान खरीदी केन्द्र में 12 बोरा अमानक धान जब्त

**» कलेक्टर श्री ध्रुव ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान की कार्यवाही**

ईस्नु प्रसाद
संवाददाता
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने जिले में धान खरीदी का जायजा लेने के लिए आज धान उपार्जन केल्हारी, घुटरा, डोडकी, कोटाडोल एवं रांपा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। केल्हारी धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता के चलते उन्होंने केन्द्र के सहायक नोडल अधिकारी श्री ओमप्रकाश श्रीवास सहित समिति प्रबंधक श्री सुरजन सिंह एवं धान खरीदी प्रभारी श्री प्रकाश सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान वहां धान बेचने डॉडहंसवाही के एक कृषक द्वारा लाए गए 12 बोरा अमानक धान को भी जब्त किए जाने की कार्यवाही की।

कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने धान उपार्जन केन्द्र केल्हारी के निरीक्षण के दौरान वहां के कार्यालय एवं केन्द्र परिसर में व्याप्त गंदगी, उपार्जित धान का सुव्यवस्थित स्टेगिंग न किए जाने के मामले को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक श्री प्रकाश सिंह को मानक स्तर का ही धान खरीदने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के मामले में किसी भी तरह की गड़बड़ी हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने इसके पश्चात धान उपार्जन केन्द्र घुटरा, डोडकी, कोटाडोल एवं रांपा पहुंचकर वहां धान खरीदी की व्यवस्था का मुआयना किया और किसानों से भुगतान संबंधी जानकारी भी ली।

गौरतलब है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में धान खरीदी की व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी लगातार धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चिरमिरी द्वारा धान खरीदी केन्द्र कोड़ीमार तथा नायब तहसीलदार नागपुर के द्वारा आज बरबसपुर धान खरीदी केन्द्र का मुआयना किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव 26 दिसम्बर की रात को भी खाद्य अधिकारी श्री संजय ठाकुर के साथ धान खरीदी केन्द्र चौनपुर एवं नागपुर का औचक निरीक्षण कर वहां की रात्रिकालीन व्यवस्था एवं उपार्जित धान की सुरक्षा के प्रबंध का मुआयना किया था।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान बेचने के लिए 16022 किसानों ने पंजीयन कराया है। 27 दिसम्बर की स्थिति में 8705 किसानों से 4 लाख 5 हजार 320 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके एवज में किसानों को नियमित रूप से उनके खाते में राशि का भुगतान भी किया जा रहा है।

# कलेक्टर धूव ने स्वास्थ्य परीक्षण के बहाने कोटाडोल के साप्ताहिक बाजार में लगे मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक का लिया जायजा

**ग्रामीणों से चर्चा कर शासकीय योजनाओं के बारे में लिया फीडबैक**

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 28 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।







मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना का जायजा लेने आज जिले के सीमावर्ती गांव कोटाडोल के साप्ताहिक बाजार पहुंचे। वहां वह ग्रामीणों के साथ लाईन में लगकर अपना बीपी चेक कराया। कलेक्टर ने इस दौरान इलाज के लिए लाईन में लगे ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और उससे मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। कोटाडोल भरतपुर विकासखण्ड का सीमावर्ती गांव है और इसकी दूरी जिला मुख्यालय से 140 किलोमीटर है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कोटाडोल बाजार में आए आसपास के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ग्राम भुमका की श्रीमती रनिया बाई के पेंशन लंबित मामले का मौके पर ही निदान किया। ग्राम मुर्किल के छोटेलाल के सीमांकन और फौती नामांतरण के लंबित मामलों को आगामी पेशी में निराकृत करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार भरतपुर का दिए। कलेक्टर ने ग्राम गिधेर की रहने वाली दिव्यांग सोनिया को बैटरी चलित ट्राई सायकल प्रदान करने तथा ग्राम पंचायत देवशील के ग्रामीणों की मांग को वहां मनरेगा का कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भरतपुर को दिए। कलेक्टर ने इस दौरान किसानों को धान एवं लघु धान्य की बिक्री अपने नजदीक के केन्द्रों में करने की समझाईश दी। कलेक्टर ने कहा कि उपज का सही मूल्य प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि हम धान, कोदो, कुटकी, रागी और लघु वनोपज की बिक्री उपार्जन केन्द्र और वनधन केन्द्र में करें। उन्होंने किसानों से अपने गांव के गौठान को पशुधन के चारे की व्यवस्था के लिए पैरादान करने की भी अपील की।

कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताया कि कोटाडोल बाजार में नियमित रूप से मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक लगता है। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क देती है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना से ग्रामीणों को सहजता से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने लगी है। ग्रामीणों को सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य बीमारियों के इलाज के लिए अब भटकना नहीं पड़ता है। ग्रामीणों ने इस योजना की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि इलाज के लिए अब पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने ग्रामीणों से समर्थन मूल्य पर धान, कोदो, कुटकी, रागी, लघु वनोपज आदि की खरीदी और भुगतान सहित गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के बेहतरी के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टी-20 सीरीज में हार्दिक कप्तान

**मुंबई,28 दिसंबर 2022।** श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृखंला में हरफनमौला हार्दिक पांड्या भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे वहीं अंगूठे की चोट से ग्रसित नियमित कप्तान रोहित शर्मा एक दिवसीय श्रृखंला में वापसी करेंगे। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 और एक दिवसीय श्रखंला के लिये भारतीय टीम की घोषणा की।

टी-20 विश्वकप में धाकड़ प्रदर्शन करने वाले सूर्य कुमार यादव श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में भारत के उप कप्तान की भूमिका भी निभायेंगे। बांग्लादेश दौरे पर भारत के कार्यवाहक कप्तान के एल राहुल और विराट कोहली को टी-20 सीरीज के लिये भारतीय टीम में जगह नहीं दी गयी है वहीं रिषभ पंत को भी टीम में जगह नहीं मिली है। यूपी के शिवम मावी और बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार टी-20 सीरीज के जरिये भारतीय टीम में पदार्पण करेंगे।

एक दिवसीय टीम में शिखर धवन एक बार फिर जगह बनाने में असफल रहे हैं वहीं हार्दिक पांड्या एक दिवसीय श्रृखंला में भारत के उपकप्तान होंगे जबकि के एल राहुल विकेटकीपर की भूमिका में नजर आयेंगे। टीम इस प्रकार है।

टी-20 :- हार्दिक पांड्या (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक , शिवम मावी, मुकेश कुमार।

एक दिवसीय :- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), वाशिगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मो. शमी, मो. सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह ।

# मुंबई इंडियंस ने जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच बनाया

**मुंबई,28 दिसंबर 2022।** पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने घरेलू क्रिकेट में 16 साल तक शानदार प्रदर्शन करने वाले जे अरूणकुमार को सहायक बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। दाहिने हाथ के सलामी बल्लेबाज अरूणकुमार ने 100 से अधिक प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 1993 से 2008 के बीच कर्नाटक के लिये घरेलू क्रिकेट खेला। क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वह कर्नाटक के बल्लेबाजी कोच बने जब उनकी टीम ने रणजी ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी जीती थी। वह पुडुचेरी टीम के मुख्य कोच भी रहे और 2020 से अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं।

# मैनचेस्टर युनाइटेड ने फोरेस्ट को 3-0 से हराया



**मैनचेस्टर,28 दिसंबर 2022।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की रवानगी के बाद इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल के पहले मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 3 . 0 से हरा दिया। युनाइटेड के लिये मार्कस रशफोर्ड और एंथोनी मार्शल ने पहले हाफ में गोल दागे। तीसरा गोल 87वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी फ्रेड ने किया। इस जीत के बाद अब युनाइटेड चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहम से एक ही अंक पीछे है। दूसरे मैच में चेलसी ने तीन मैचों में हार का सिलिसला तोड़ते हुए बोर्नमाउथ को 2 . 0 से हराया। चेलसी पिछले पांच में से चार मैच गंवा चुकी है। उसके लिये केइ हेवर्ट्स और मासन माउंट ने पहले हाफ में गोल किये।

# मुंबई केपटाउन के गेंदबाजी कोच बने जैकब ओरम



**मुंबई ,28 दिसंबर 2022।** न्यूजीलैंड के पूर्व हरफनमौला जैकब ओरम को दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के पहले सत्र से पूर्व मुंबई इंडियंस केपटाउन का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। न्यूजीलैंड के लिये 33 टेस्ट, 160 वनडे और 36 टी20 मैच खेल चुके ओरम इंडियन प्रीमियर लीग खेल चुके हैं और 2013 में आखिरी सत्र में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थे। वह न्यूजीलैंड महिला टीम के सहायक कोच रह चुके हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड ए टीम के कोच भी रहे हैं। मुंबई केपटाउन टीम में साइमन कैटिच मुख्य कोच, हाशिम अमला बल्लेबाजी कोच, जेम्स पामेंट क्षेत्ररक्षण कोच और रॉबिन पीटरसन टीम मैनेजर हैं।

# साइना एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में

**नई दिल्ली 28 दिसंबर 2022।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन साइना नेहवाल को 14 से 19 फरवरी के बीच दुबई में होने वाली एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के सीनियर चयन समिति की 25 दिसंबर को वर्चुअल बैठक हुई जिसमें एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन करने के लिए ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को चुना गया। समिति ने विश्व रैंकिंग के आधार पर एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को सीधे प्रवेश देने का फैसला किया।

चौदह सदस्यीय टीम के बाकी सदस्यों का चयन नयी दिल्ली में दो और तीन जनवरी को होने वाले चयन ट्रायल्स से किया जाएगा। महिला एकल में साइना के अलावा मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप को ट्रायल के लिए बुलाया गया है, जबकि पुरुष युगल में एमआर अर्जुन-ध्रुव कपिला, कृष्ण प्रसाद गर्ग-विष्णुवर्धन गौड़ पी और ईशान भटनागर-साई पाथेक के नाम शामिल हैं। महिला युगल में दो स्थानों के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री पी गोपीचंद, सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा, अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम तथा हरिता मंझिल और आशना रॉय को ट्रायल्स के लिए चुना गया है। मिश्रित युगल में एक टीम का चयन किया जाएगा जिसके लिए ईशान भटनागर और तनीषा क्रैस्टो, वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन और रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को ट्रायल्स में बुलाया गया है।

# वर्ष 2022 में भी भारतीय भारोत्तोलन में मीराबाई का दबदबा रहा बरकरार



**नई दिल्ली 28 दिसंबर 2022।** मीराबाई चानू ने विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक जीतकर वर्ष 2022 में भारतीय भारोत्तोलन में अपना दबदबा बरकरार रखा जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी। मणिपुर की रहने वाली मीराबाई ने राष्ट्रमंडल खेलों में 49 किग्रा में पहला स्थान हासिल करके भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। यहां राष्ट्रमंडल खेलों में उनका तीसरा पदक और लगातार दूसरा स्वर्ण पदक था। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर साल का शानदार अंत किया। इससे पहले उन्होंने 2017 में इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने कुल 200 किग्रा भार उठाया। मीराबाई ने स्नैच में 87 और क्लीन एवं जर्क में 113 किग्रा भार उठाया था। क्लीन एवं जर्क वर्ग में भी उन्होंने रजत पदक हासिल किया था। स्नैच में हालांकि वह इस वर्ष भी 90 किग्रा वजन नहीं उठा पाई जिसके लिए वह 2020 से ही प्रयास कर रही हैं। भारतीय भारोत्तोलकों ने इस साल जुलाई-अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी चमक बिखेरी तथा कुछ रिकॉर्ड भी बनाएं। जेरेमी लालरिनुंगा ने 300 किग्रा (140 किग्रा और 160 किग्रा) भार उठाकर स्नैच और कुल वजन में राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया।

अचिंता श्युली ने भी 313 किग्रा (143 किग्रा और 170 किग्रा) के प्रयास से स्नैच और कुल वजन में खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलकों ने कुल 10 पदक जीते जिनमें तीन स्वर्ण, इतने ही रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। मीराबाई (49 किग्रा), जेरेमी (73 किग्रा) और अचिंता (77 किग्रा) ने जहां स्वर्ण पदक जीते, वहीं संकेत सागर (55 किग्रा), विकास ठाकुर (96 किग्रा), एस बिंदरानी (55 किग्रा) ने रजत पदक जबकि पी गुरुराजा (61 किग्रा), लवप्रीत सिंह (109 किग्रा), गुरदीप सिंह (109 किग्रा से अधिक) और हरजिंदर कौर (71 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

भारत राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता की पदक तालिका में शीर्ष पर रहा था लेकिन मीराबाई को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी इस लय को आगे बरकरार नहीं रख पाया। इनमें से अधिकतर ने एशियाई और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया। वर्ष 2022 में भारत को हर्षदा गरुड़ के रूप में खेल में अपना पहला जूनियर विश्व चैंपियन मिला। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने वह कारनामा किया जो मीराबाई भी अपने जूनियर करियर के दौरान नहीं कर पाई थी। उन्होंने 45 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

हर्षदा ने इसके बाद एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पिछले कुछ समय से डोपिंग और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मसलों से जूझ रहे भारोत्तोलन को लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं किया गया है। लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने कुछ कदम उठाए हैं जिससे कि इस खेल को लॉस एंजिल्स खेलों में शामिल करने की संभावना बढ़ गई है।

# क्या खत्म हो गया शिखर धवन का करियर!



**नई दिल्ली 28 दिसंबर 2022।** भारत-श्रीलंका के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जानी है। श्रीलंका की टीम भारत के दौरे पर आ रही है। इसके लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। ञ्20 में वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ञ्20 में हार्दिक पांड्या टीम के युवा बिग्रेड की कमान करेंगे। वहीं, अनुभवी रोहित शर्मा एकदिवसीय में टीम इंडिया को लीड करेंगे। कुछ समय पहले तक एकदिवसीय में टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन का नाम इसमें शामिल नहीं है। शिखर धवन के अलावा ऋ्रषभ पंत को भी ञ्20 और एकदिवसीय में टीम इंडिया में नहीं रखा गया है। इसके बाद से दोनों को लेकर चर्चा का दौर लगातार जारी है। शिखर धवन पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है क्योंकि कुछ समय पहले तक वह टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे थे। शिखर धवन को पहले ही टेस्ट और टी20 में नहीं चूना जा रहा था। हालांकि, एकदिवसीय मुकाबलों में उन्हें टीम में रखा जा रहा था। 2023 के विश्वकप को देखते हुए उन्हें लगातार एकदिवसीय टीम में रखा गया था। लेकिन हाल में ही बंग्लादेश में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में शिखर धवन का बल्ला खामोश रहा। उनके बल्ले से रन नहीं निकला। इसी वजह से माना जा रहा है कि एकदिवसीय टीम में शिखर धवन वापसी करने में नाकाम रहे। अगर वैसे देखा जाए तो शिखर धवन पिछले 5 मुकाबलों में सिर्फ 49 रन ही बना पाए हैं। बंग्लादेश के खिलाफ तीन मुकाबलों में उनका स्कोर 3, 8, 7 था। इसके अलावा शिखर धवन 37 साल के हो गए हैं। उन्हें टीम से बाहर करने में उम्र के भी एक अहम भूमिका हो सकती है। हालांकि यह बात भी सही है कि शिखर धवन फिलहाल बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं जिसकी वजह से उन्हें एकदिवसीय टीम से बाहर रखा गया है।

ऐसे में आगामी विश्वकप के लिए टीम में शिखर धवन की वापसी होगी, इसको कह पाना मुश्किल है। क्रिकेट के विशेषज्ञ इस बात को जोर देकर कह रहे हैं कि इसे हम शिखर धवन के करियर के आखिरी पड़ाव के रूप में देखा जा सकता है।

# खाकी:द बिहार चैप्टर 2 पर जल्द शुरू होगा काम,नीरज पांडे ने की पुष्टि





नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज भ्रष्टाचार और अपराध पर आधारित है। भव धूलिया ने इसका निर्देशन किया है। वहीं इस सीरीज की स्क्रिप्ट फिल्ममेकर नीरज पांडे और उमाशंकर सिंह ने लिखी है। नीरज ने एक इंटरव्यू में इसके दूसरे सीजन को लेकर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि वह जल्द इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। नीरज पांडे से शो के दूसरे सीजन को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, शो का हमेशा यही विजन था। हम बहुत जल्द दूसरे सीजन को लिखना शुरू करने जा रहे हैं। इसकी स्क्रिप्ट से लेकर कास्टिंग तक में लगभग 8-9 महीने लग जाएंगे। इस सीरीज की कहानी चंदन महतो और आईपीएस अमित लोढ़ा के इर्द-गिर्द घूमती है। अमित पर हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे थे।

# सिल्वर कलर के लहंगे में प्रिंसेस सी नजर आईं हिना खान



एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर अपनी आउटफिट से कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, सिल्वर कलर के लहंगे में हिना खान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। हिना खान का ये लुक देखकर कोई उन्हें परी बता रहा है तो कोई उन्हें प्रिंसेस बता रहा है। एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट आउटफिट में ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हिना खान शिमरी लहंगे के साथ डीपनेक चोली में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और ओपन कर्ल हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस हिना खान गजब की बला लग रही हैं। स्पार्किंग लहंगे में देखकर फैंस उनकी खूबसूरती पर अपना दिल वार रहे हैं। हिना खान के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। सिल्वर कलर के आउटफिट के साथ एक्ट्रेस ने नेकलेस और क्राउन को कैरी कर रखा है। जिसमें वो एक प्रिंसेस सी नजर आ रही हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। हिना खान अपने अलहदा अंदाज और खूबसूरती के लिए काफी पॉपुलर हैं। साथ ही वो अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं।

# सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी




पिछले साल आई रोहित शेट्टी की सूर्यवंशी ने सिनेमाघरों में अच्छी कमाई की थी। वह अभी सिंघम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में रोहित ने कहा कि अजय देवगन अभिनीत सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म की स्क्रिप्ट अच्छी बनी है और वह इसके जरिए दर्शकों को लार्जर दैन लाइफ वाली एंटरटेनिंग फिल्म देंगे।

सिम्बा के रूप में फिल्म में एंट्री करेंगे रणवीर सिंह

रोहित ने कहा, हम सिंघम अगेन के लिए बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट वास्तव में अच्छी बनी है। यह लार्जर दैन लाइफ फिल्म है। यह सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी फिल्म है। रोहित ने बताया कि इस फिल्म में रणवीर सिंह की सिम्बा के रूप में एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू हो सकती है। बता दें कि रोहित के निर्देशन की सिंघम 2011 में और सिंघम रिटर्न्स 2014 में रिलीज हुई थी।




# लिटिल चैंप्स के साथ एल्बम बनाना चाहती हैं गायिका नीति मोहन



पार्श्व गायिका नीति मोहन ने खुलासा किया है कि उन्होंने सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के साथ एक एल्बम जारी करने की योजना बनाई है। क्रिसमस के खास मौके पर नीति ने कहा, मुझे लगता है कि मैं जीवन भर सांता क्लॉज बनना चाहती हूं। कुछ ऐसा है जो मेरे दिल में तब से है जब मैं इन छोटे प्रतिभाशाली प्रतियोगियों से मिली थी, और क्योंकि आज हम क्रिसमस विशेष मना रहे हैं, मैं कहना चाहती हूं कि मैं शो के टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के साथ एक एल्बम रिलीज करूंगी।उन्होंने आगे कहा, मैं इसके बारे में बहुत लंबे समय से सोच रही थी। मैं चाहती हूं कि इस शो के खत्म होने के बाद भी उन सभी को एक मंच मिले, और हम हमेशा जुड़े रहें। इसलिए, अगर मुझे एक एल्बम बनाने का मौका मिलता है तो मैं बहुत आभारी रहूंगी, शीर्ष 5 प्रतियोगियों के साथ।जेटशेन दोहना लामा, अतनु मिश्रा, देविका शर्मा, प्रज्योत गुंदले, राफा यास्मीन, हर्ष सिकंदर, पलाक्षी दीक्षित, ज्ञानेश्वरी घाडगे, अथर्व बख्शी और आरोही सोनी सहित शीर्ष दस प्रतियोगियों ने अपने पसंदीदा कार्टून चरित्र छोटा भीम और लिटिल सिंघम के साथ मस्ती की जो क्रिसमस स्पेशल एपिसोड के लिए शो में आए थे।सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स को नीति मोहन, शंकर महादेवन और अनु मलिक जज कर रहे हैं। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है।










C M Y K

# आरक्षण संशोधन विधेयक पर राजभवन और सरकार के बीच बढ़ी रार

### आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर क्या हो सकता है राज्यपाल का अगला कदम

**रायपुर,28 दिसम्बर 2022(ए)।** आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमाई हुई है। विधानसभा में 2 दिसंबर को आरक्षण के संबंध में पारित विधेयक पर राज्यपाल अनुसुइया उइके ने दस्तखत नहीं किया है। इसे लेकर अब इसे लेकर राजभवन और राज्य सरकार आमने सामने है।

इसके विरोध में कांग्रेस अब 3 जनवरी को कांग्रेस महारैली करने जा रही है। आपको बता दें कि राज्यपाल उइके ने 10 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। जिसपर सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि यह राज्यपाल के अधिकार में नहीं है। फिर भी छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ लोगों के हितों को ध्यान में रखकर वे जवाब दे रहे हैं। अब सरकार द्वारा जवाब भेजने के बाद राज्यपाल ने अब तक दस्तखत नहीं किए।

## 10 सवाल और राज्य सरकार के जवाब दिया

क्या संशोधन विधेयक पारित करने से पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के संबंध में मात्रात्मक डाटा कलेक्ट किया गया था?

**शासन का जवाब** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सीधी भर्ती के पदों के लिये मात्रात्मक डाटा देने की बाध्यता नहीं है। ना ही कोर्ट का ऐसा कोई आदेश है। अन्य पिछड़े वर्ग और ईडब्लूएस के लिये क्वांटिफायबल डाटा आयोग के आंकड़े और रिपोर्ट को आधार बनाया गया है ।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 50त्न से अधिक आरक्षण विशेष एवं बाध्यकारी परिस्थितियों में ही हो सकता है। उक्त विशेष एवं बाध्यकारी परिस्थितियां कौन सी है?

**शासन का जवाब** विधेयक में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण इसलिए किया गया है, क्योंकि राज्य में इन जातियों की स्थिति शैक्षणिक और सामाजिक स्तर पर बहुत कमजोर है। साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अंत्योदय राशन कार्डों की संख्या 14 लाख से अधिक है, जिसमें 5 लाख 88 हजार से अधिक सिर्फ ओबीसी वर्ग के अंत्योदय कार्ड हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में ओबीसी की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है।

3. उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ऐसी क्या विशेष परिस्थितियां उत्पन्न हुई कि आरक्षण का प्रतिशत 50 से अधिक किया गया। क्या इन विशेष परिस्थितियों के संबंध में क्या कोई डाटा कलेक्ट किया गया है?

**शासन का जवाब** शासन ने सितंबर 2019 में क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन किया था। उसी की रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी और ईडब्लूएस के डाटा को आधार बनाया गया है ।

राज्य के एससी-एसटी वर्ग के लोग किस प्रकार से राज्य में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए हैं? इस संबंध में डाटा प्रस्तुत करें।

**शासन का जवाब** आरक्षण देने के लिए एससी-एसटी वर्ग के लोगों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने के डाटा की कोई जरूरत नहीं है, जबकि ओबीसी और ईडब्लूएस के लिए क्वांटिफायबल डाटा आयोग कि रिपोर्ट को आधार बनाया गया है।

क्या सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन का स्तर जानने के लिए किसी कमेटी का गठन किया गया था?

**शासन का जवाब** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन किया गया है। उक्त रिपोर्ट 21 नवंबर 2022 को प्रस्तुत की गई है।

क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट राज्यपाल के सचिवालय के समक्ष प्रस्तुत करें।



**शासन का जवाब** क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट शासन को 21 नवंबर 2022 को प्रस्तुत की जा चुकी है।

प्रस्तावित संशोधित अधिनियम में विधि एवं विधायी कार्य विभाग का क्या अभिमत है?

**शासन का जवाब** शासन ने विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा मूल विधेयक में परिमार्जन कराकर सभी नियमों का पालन करते हुए विधानसभा सचिवालय को आगामी कार्रवाई हेतु भेजा है।

संशोधित विधेयक के शीर्षक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का कोई उल्लेख नहीं है। क्या शासन को इस वर्ग के लिए अलग से अधिनियम लाना था?

**शासन का जवाब** राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद आरक्षण संशोधन विधेयक 2022, ' छत्तीसगढ़ लोक सेवा ( अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये आरक्षण ) अधिनियम,1994 ' कहलाएगा। अलग से संशोधन विधेयक लाना कानूनी रूप से ठीक नहीं है।

शासन ने हाईकोर्ट में प्रस्तुत सारणी में कहा था कि सेवाओं में एससी-एसटी वर्ग के लोग कम चयनित हो रहे हैं। उनके पद रिक्त रह जाते हैं। यह सूचित करें कि इस वर्ग के लोग राज्य में क्यों चयनित नहीं हो रहे?

**शासन का जवाब** उक्त सारणी में दिए गए आंकड़े 2012 के पहले के हैं। वर्तमान में निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के आधार पर एससी, एसटी वर्ग के लोगों का शासकीय सेवा में चयन किया जा रहा था। आरक्षण न होने से इन वर्गों के चयन में कमी आएगी।

क्या उक्त संशोधन विधेयक में प्रशासन की दक्षता का ध्यान रखा गया है। क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है?

**शासन का जवाब** शासकीय सेवकों की सालाना गोपनीय प्रतिवेदन के आधार पर उनकी दक्षता का आंकलन किया जाता है। राज्य की सेवाओं में एसटी, एससी वर्ग के लोगों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। राज्य में पूर्व से संचालित आरक्षण नीति से किसी भी तरह की प्रशासनिक दक्षता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा है।

राज्यपाल सभी बिंदुओं पर सहमत होकर दस्तखत कर देंगी। या फिर राज्य सरकार द्वारा भेजी गई जानकारी से असहमति की स्थिति में राज्यपाल विधेयक को लौटा सकती हैं। इसके अलावा राज्यपाल इस विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज सकती हैं। हालांकि सीएम भूपेश बघेल पहले ही इस बात की आशंका जता चुके हैं कि राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को अपने पास रख सकती हैं।

# ईडी की थर्ड डिग्री पर सीएम ने जताई आपत्ति

### आपके पास साक्ष्य है तो लोगों के साथ मारपीट क्यों करते हैं

**रायपुर,28 दिसम्बर 2022(ए)।** प्रदेश में ईडी की थर्ड डिग्री पर राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा आपत्ति जताई है। आज सीएम भूपेश बघेल ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में बताया कि गृह विभाग की तरफ से केंद्र को पत्र लिखकर केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की जानकारी दे दी गयी है।

साथ ही मुख्यमंत्री ने मीडिया को वो पत्र भी दिखाया, जो गृह विभाग की तरफ से सचिव मनोज पिंगुआ ने केंद्र सरकार को भेजा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के नाम पर सहयोग नहीं करने की बात कभी नहीं की गयी, हमलोगों ने हमेशा सहयोग किया, लेकिन केंद्रीय एजेंसी ही सेंट्रल फोर्स लेकर आती है, अविश्वास जताती है। राज्य सरकार से जब भी कार्रवाई के लिए फोर्स की मांग की गयी, राज्य सरकार ने उन्हें फोर्स दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि ईडी की जांच का सहयोग नहीं करेंगे, लेकिन जैसे ही इनके खिलाफ मामला दर्ज होता है, ये तरह-तरह की बातें करने लगते हैं, बदलापुर और अलग-अलग नाम देने लगते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ..

जहां तक ईडी का सवाल है, केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ लोगों ने मारपीट की शिकायत की थी, हमने भारत सरकार को पत्र भी लिखा, गृह विभाग की तरफ से मनोज पिंगुआ जी के द्वारा एक पत्र गया है भारत सरकार को, किस प्रकार से गवाही के नाम पर बुलाते हैं, प्रताड़ित करते हैं। कुछ लोगों ने शिकायत की, उसकी कॉपी संलग्न कर भारत सरकार को भेजा। कोई भ्रष्टाचार हुआ है और आपके पास साक्ष्य है तो लोगों के साथ मारपीट क्यों करते हैं। किसी का पैर तोड़ रहे हैं, किसी को रात भर बैठा कर रख रहे हैं, किसी को मुर्गा बना रहे हैं। किसी को इतना मार रहेहैं कि सुनायी नहीं दे रहा है, कोई अस्पताल में आज तक भर्ती है। क्यों? इसलिए क्योंकि जोर जबरदस्ती कर बयान दिलाना चाह रहे हैं।

# आरक्षण विधेयक रुकवाकर जनता से हार का बदला ले रही बीजेपी:मोहन मरकाम

**रायपुर,28 दिसम्बर 2022(ए)।** आज राजधानी के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मीडिया से चर्चा में भाजपा को घेरा। उन्होंने आरक्षण के मसले पर कहा कि अपने आपको आदिवासी हितैषी कहने वलों का असली चेहरा प्रदेश के सामने उजागर हुआ है। वो कल तक आरक्षण की बात कहते थे, सरकार को चिट्ट्ठी लिखते थे कि विधेयक लाइए हम फौरन हस्ताक्षर करेंगे, आज उसी समाज के लोग मिलने जाते हैं तो मिलते नहीं इससे बड़े दुर्भाग्य कि बात क्या होगी।मोहन मरकाम ने भाजपा पर आरक्षण विधेयक अटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 3 जनवरी को कांग्रेस 3 जनवरी को



प्रदेश की जनता को उसका हक और अधिकार दिलाने के लिए जन अधिकार रैली निकालने जा रही है। इस रैली में प्रदेश से 1 लाख से अधिक लोग आएंगे। भाजपा के लोग संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति पर दबाव डालकर लोगों को अधिकार मिलने से रोक रही है, जनता ने भाजपा को 14 सीटों में समेट दिया, 5 उप चुनाव हारे, इसलिए जनता से बदला लेने के लिए संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का दुरुपयोग कर आरक्षण विधेयक भाजपा रोक रही है।श्वष्ठ और ष्टक्चढ्ढ की रेड पर मोहन मरकाम ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है, केंद्र में बैठी भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा कमजोर है इसलिए कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

# अब हर शुक्रवार को होगी महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई,नया रोस्टर हुआ जारी

**बिलासपुर ,28 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में शीतकालीन अवकाश के बाद हाईकोर्ट में नए साल में नए रोस्टर से सुनवाई की जाएगी। इस बार रोस्टर में 8 सिंगल, 3 डिवीजन बेंच के साथ-साथ चीफ जस्टिस सहित अलग-अलग जजों की 6 स्पेशल बेंच में भी सुनवाई होगी। स्पेशल बेंच हर शुक्रवार को दोपहर 2=15 से महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई करेगी। नया रोस्टर 2 जनवरी से प्रभावी होगा।



### इन मामलों की सुनवाई करेंगे न्यायाधीश

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार नए रोस्टर में चीफ जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी के साथ जस्टिस अरविंद सिंह की डिवीजन बेंच में रिट अपील, जनहित याचिका, बंदी प्रत्यक्षीकरण के साथ-साथ टैक्स मामलों की सुनवाई होगी। दूसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी सभी सिविल, व्यावसायिक मामलों के साथ ही कंपनी अपील और रेंट कंट्रोल द्वारा पारित आदेशों को सुनेंगे। तीसरी डिवीजन बेंच में जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस राकेश मोहन पांडेय सभी क्रिमिनल मैटर के साथ रिट पिटीशन की सुनवाई करेंगे।

रोस्टर के अनुसार जस्टिस पी. सैम कोशी रिट पिटीशन, जस्टिस संजय अग्रवाल फर्स्ट अपील और सेकेंड अपील, जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू 2015 के बाद की रिट याचिकाएं और 2006 से लेकर अभी तक की रिट पिटीशन की सुनवाई करेंगे। जस्टिस रजनी दुबे मिसलेनियस अपील, रिट पिटीशन 2014 तक के साथ ही सिविल मैटर जो कि किसी बेंच के लिए तय नहीं हुए, उनकी सुनवाई करेंगी। जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास 2005 के बाद की क्रिमिनल अपील की सुनवाई करेंगे। जस्टिस दीपक तिवारी रिट अपील के साथ ही 2014 के बाद की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई करेंगे। जस्टिस सचिन सिंह राजपूत सेक्शन 438 और 439 के तहत सभी जमानत मामलों, एससी-एसटी एक्ट के मामलों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल क्रिमिनल रिफरेंस, सेक्शन 482 के तहत सीआरपीसी और सीआरएमपी मामले देखेंगे। साथ ही 2006 से 2014 तक की क्रिमिनल अपील की भी सुनवाई करेंगे।

# न्यायधानी में नए साल के जश्न को लेकर गाइडलाइन जारी

### पार्टी करने से पहले अनुमति जरूरी

**बिलासपुर,28 दिसम्बर 2022(ए)।** 2023 को अब कुछ ही दिन बाकि रह गए है। ऐसे में कोरोना ने एक बार फिर से प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। लोगो में नए साल को लेकर लोगो में काफी उत्साह होता है। बता दे की पिछले कुछ सालो से कोरोना की वजह से नए साल के जश्न में रोक लगा दी गई थी।

वही इस वर्ष भी चीन में बढ़ते कोरोना मामलो को देखते हुए देश की चिंता भी बढ़ गयी है। इसी वजह से बिलासपुर में नए साल के लिए गाइडलाइन्स जारी कर दी गई है। जिसके तहत लोगों को नए साल के जश्न का आयोजना करने से पहले जिला प्रशासन की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसेक साथ ही तय समय में निर्देशों का पालन कर आयोजन किए जा सकेंगे। रात 12=30 बजे के बाद आयोजन की अनुमति नहीं मिलेगी।



### प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर कई बड़े तैयारियां की गई है

इसके साथ ही नए साल के जश्न को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर कई बड़े तैयारियां की गई है। बिलासपुर के साथ साथ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी नए साल के जश्न के लिए गाइड लाइन जारी कर् दी गई है। पुलिस एवं जिला प्रशासन ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर सभी मैरिज पैलेस, क्लब, होटल और कैफे संचालकों की एक बैठक ली। जिसमें विभिन्न निर्देश जारी किए गए हैं।

बता दे की पार्टी के दौरान डीजे साउंड सिस्टम बजाने को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोलाहल अधिनियम का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। अगर इस संबंध में शिकायत प्राप्त होगी तो कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम आयोजन स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। इवेंट पार्टी में शराब परोसने के लिए लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही निर्धारित समय का पालन करना होगा। इसकी जांच के लिए प्रशासन द्वारा जांच दल का गठन किया जाएगा जो कि इवेंट पार्टीज में जाकर चेकिंग करेंगे।

# बढ़ गई बिजली की दर,अगले दो महीने तक 1.10 रुपए प्रति यूनिट अतिरिक्त वसूलेगी कंपनी

**रायपुर ,28 दिसम्बर 2022(ए)।** प्रदेश में भानुप्रतापपुर विधानसभा का उपचुनाव निपटते ही बिजली कंपनी एक बार फिर वीसीए की वजह से प्रति यूनिट दर में वृद्धि करने जा रही है। इसके पहले कंपनी ने अक्टूबर, नवंबर में सुरक्षा निधि के नाम पर अतिरिक्त वसूली की थी लेकिन इसका विरोध होने और भानुप्रतापपुर उपचुनाव को देखते हुए कंपनी ने आगामी व्यवस्था तक वसूली स्थगित कर दी थी। अब कंपनी ने अगले दो महीने के बिल में वीसीए के चलते 1.10 पैसे प्रति यूनिट लेने का फैसला किया है।



कंपनी ने विद्युत नियामक आयोग की अनुमति से वर्ष 2022-23 के तृतीय द्वैमासिक अवधि अर्थात् अगस्त और सितम्बर-2022 के दौरान वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट का निर्धारण किया गया है। अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा क्रय की गई बिजली की लागत में आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में 549 करोड़ रुपए की सकल वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के कारण दिसम्बर ङ्क 2022 एवं जनवरी 2023 के दौरान लागू वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए चार्ज) में 49 पैसे की वृद्धि हो रही है। पूर्व में यह दर 61 पैसे प्रति यूनिट थी, जो अब बढ़कर 1.10 रूपए प्रति यूनिट हो गई है।

इस तरह होती है वीसीए की गणना

वीसीए की गणना प्रत्येक दो माह में की जाती है। अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान वीसीए के कारण डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को खरीदी गई बिजली पर आयोग व्दारा अनुमोदित दर की तुलना में रूपये 549 करोड़ का ज्यादा भुगतान करना पड़ा है। इसमें प्रमुख हिस्सा एन.टी.पी.सी. का 459 करोड़ रूपये है जबकि उत्पादन कंपनी के बिल में आयोग व्दारा अनुमोदित दर की तुलना में लगभग 26.51 करोड़ रूपये की कमी आयी है।

इस अवधि में विभिन्न स्त्रोतों से क्रय की गई बिजली की लागत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में वृद्धि हुई है, जो इस प्रकार है। एनटीपीसी 459 करोड़ रुपए, एनटीपीसी-सेल पॉवर कार्पोरेशन 5.74 करोड़, सीएसपीजीएल (नवीकरणीय स्त्रोत) 18.79 करोड़ तथा अन्य संयंत्र (बायोमास सौर, लघु जल, नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र आदि) से 92 करोड़ रुपए वीसीए राशि है। जबकि पॉवर जनरेशन कंपनी (तापीय स्त्रोत) के वीसीए में 26.51 करोड़ रुपए की कमी हुई है। इस तरह सकल वीसीए राशि में वृद्धि 549.01 करोड़ रुपए हो रही है।

वितरण कंपनी के कुल खर्चे का लगभग 85 प्रतिशत खर्चा पॉवर परचेस में व्यय होता है, जो कि ईंधन के रूप में क्रय मूल्य में कमी अथवा बढ़ोत्तरी के कारण घटता-बढ़ता रहता है। वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व राज्य नियामक आयोग द्वारा विद्युत दर का निर्धारण कर दियाजाता है और ईंधन की दर में बढ़ोत्तरी होने की स्थिति में विद्युत वितरण कंपनी पर पड़ने वाली अतिरिक्त वित्तीय भार को एक निश्चित फ़ार्मूले के अनुरूप व्हीसीए चार्ज के रूप में समायोजित किया जाता है।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को ईंधन की कीमत में वृद्धि होने के कारण आगामी दो माह तक 1.10 रूपए प्रति यूनिट वेरियबल कास्ट एडजस्टमेंट (वीसीए) चार्ज देय होगा। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) के तहत् वीसीए चार्ज लेने का प्रावधान है।




# सात आईएएस सेक्रेटरी और चार आईपीएस होंगे आईजी प्रमोट

### छत्तीसगढ़ में 2007 बैच के सात में से छह आईएएस और 2005 बैच के चार आईपीएस बनेंगे सेक्रेटरी: महानिरीक्षक

**रायपुर ,28 दिसम्बर 2022(ए)।**छत्तीसगढ़ के 2007 बैच के सातआईएएस और 2005 बैच के चार आईपीएस अधिकारियों को जल्द ही नए साल की सौगात मिलने वाली है। सात में से छह आईएएस प्रमोट होकर सेक्रेटरी तो चार आईपीएस प्रमोट होकर आईजी बनेंगे। सेक्रेटरी प्रमोशन के लिए डीपीसी नहीं होती। राज्य सरकार के स्तर पर प्रमोशन हो जाता है।

इसलिए पिछले माह से ही जीएडी में इनके प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। वर्ष 2007 बैच के सात आईएएस कतारबद्ध हैं। इनमे केसी देव सेनापति, बसवराजू एस., शम्मी आबिदी, मोहम्मद कैसर हक, यशवंत कुमार, हिमशिखर गुप्ता और जनकराम पाठक। बताते हैं कि प्रमोशन में आईएएस जनकराम पाठक के लिए दिक्कतें होंगी।

इसी तरह छत्तीसगढ़ में आईपीएस 2005 बैच में ध्रुव गुप्ता, अमरेश मिश्रा, राहुल भगत,और आरिफ शेख शामिल हैं। इनमें से केवल आरिफ शेख छत्तीसगढ़ में हैं। बाकी तीनों सेंट्रल डेपुटेशन पर दिल्ली में पदस्थ हैं। अमरेश मिश्रा एनआईए में हैं, लेकिन फ़िलहाल वो हायर एजुकेशन के लिए ङ्म में हैं। राहुल भगत डायरेक्टर सोशल सिक्यूरिटी हैं। ध्रुव गुप्ता इंटेलिजेंस ब्यूरो में हैं। आरिफ शेख रायपुर रेंज (रायपुर शहर छोड़कर) आईजी हैं। प्रमोशन के बाद वे पूर्णकालिक आईजी बन जाएंगे।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर 26 जनवरी को कैदियों की होगी रिहाई

**रायपुर ,28 दिसम्बर 2022(ए)।** आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी कड़ी में एक विशेष पहल के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा कैदियों की कुछ श्रेणियों को विशेष माफी देने और 26 जनवरी 2023 और 15 अगस्त 2023 को उन्हें रिहा करना प्रस्तावित किया गया है।




राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शासन के इस निर्णय के फलस्वरूप प्रदेश के 42 सजायाफ्ता कैदियों को 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिहा करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। बंदियों में 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं भी रिहा होने वाले बंदियों में दो ऐसी महिला बंदी भी शामिल हैं, जो 50 वर्ष से अधिक आयु की है और अपनी कुल सजा अवधि का 50 प्रतिशत सजा भुगत चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत का संविधान के अनुच्छेद 161 के अनुसार किसी विधि के विरूद्ध, किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराये गये, किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलम्बन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश के निलंबन, या लघुकरण की शक्ति राज्यपाल में निहित होती है।

### कैदियों की रिहाई का ये है मकसद

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुछ विशेष कैदियों को रिहा करने का उद्देश्य जेल में अनुशासन और सदाचरण सुनिश्चित करना तथा प्रोत्साहन के रूप में जेल से जल्दी रिहाई की संभावनाओं का अवसर प्रदान करना है। निश्चित ही इससे अपराधी जीवन का त्याग और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)